सुप्रभात
रांची, शनिवार
04.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 289 06 आखिर इस फर्क को समझना ही होगा



**Before the Notary Public, Ranchi**

I, Anil Kumar Tiwari S/0 Late Yadunandan Tiwari Resident of Adarshnagar, Tatisilwai, P.O.+ P.S. Tatisilwai, District Ranchi Jharkhand 835103 Aadhar No.5350 9021 4854 as Identity Proof do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows

1. That I am an Indian National by birth.
2. That I an residing at above mentioned address.
3. That correct name of my son is Rajveer Tiwari which is mentioned in Birth Certificate vide Reg. No. B-2024: 20-90032-626488 dt of Reg. 26.2.2004 and Dt.of issue 5.4.2024 by Ranchi Municipal Corporation.
4. That his Date of Birth is 31.05.2018 which is mentioned in his Birth certificate, genuine and correct.
5. That previously in his Birth certificate by mistake the the name of my son has been mentioned as Rajvir Tiwary and his father's name is mentioned as Anil Tiwari which is wrong & incorrect, by the R.M.C.
6. That now my son will be known in the name of Rajveer Tiwari in place of Rajvir Tiwari and my name as Father will be known in the name of Anil Kumar Tiwari in place of Anil Tiwari.

Hence I an swearing this affidavit for Paper Publication in Daily Newspaper of my name as Anil Kumar Tiwari in place of Anil Tiwari and my son's name as Rajveer Tiwari in place of Rajvir Tiwari. All statements made above are true to my knowledge and belief.

Series No. 23-24/31 1901.5

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट का फैसला था सुरक्षित

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इस रिट पिटिशन पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने याचिका को खारिज कर दी है।

हेमंत सोरेन की ओर से दलील दी गई थी कि जिस मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है, वह शिड्यूल ऑफेंस नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का भी मामला नहीं बनता है। बगड़ाई अंचल की जिस जमीन की बात की जा रही है, उसके दस्तावेज में उनके नाम का भी जिक्र नहीं है। हालांकि ईडी की ओर से दलील दी गई थी कि समन के बाद तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पावर और पोजिशन का गलत इस्तेमाल कर साक्ष्य को नष्ट कराने की कोशिश की थी।

आपको बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट द्वारा इस मामले 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला आने में देरी के खिलाफ हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है। जिसमें कहा गया है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं।

## अपने चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होंगे हेमंत सोरेन



इधर हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को अपने चाचा के श्राद्धकर्म में 6 मई को शामिल होने की अनुमति दी है लेकिन इस दौरान वह पुलिस कस्टडी में ही रहेंगे और उसी दिन जेल में वापस लाया जाएगा। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि श्राद्धकर्म में शामिल होने के क्रम में हेमंत सोरेन ना तो मीडिया से बात करेंगे और ना ही किसी तरह का राजनीतिक भाषण देंगे। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि वह 6 मई को अपने चाचा के श्राद्धकर्म में जा सकेंगे लेकिन इस दौरान पुलिस कस्टडी में ही रहेंगे। आपको बता दें कि पिछले शनिवार को रांची में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव नेमरा ले जाया गया। पार्थिव शरीर को उनके दिवंगत भाई लालू सोरेन के पुत्र दयानंद सोरेन ने मुखाग्नि दी।

बता दें कि हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था। जिसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा था।

पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया संपन्न

## झारखंड में पांचवें चरण में नामांकन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को राज्य में कुल 41 नॉमिनेशन हुए जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित हुए बताया कि झारखंड में पांचवें चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया।

रवि कुमार ने बताया कि अब तक पांचवें चरण में कुल 172 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।



इसमें चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवें चरण के स्क्रूटनी की तिथि चार मई है और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। छह मई के बाद ही पांचवें चरण में कितने प्रत्याशी हैं, वो साफ हो पाएगा।

वहीं छठे चरण के लिए शुक्रवार को झारखंड से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। गिरिडीह से तीन, धनबाद से चार, रांची से चार और जमशेदपुर से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किए। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में आठ, धनबाद में 12, रांची में 10 व जमशेदपुर में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन के अंतिम दिन छह प्रत्याशियों ने फॉर्म भरा।

झारखंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा

## राहुल गांधी सात मई को खूंटी और लोहरदगा सीट के लिए गुमला के बसिया में करेंगे चुनावी जनसभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड का सियासी पारा काफी गर्म हो गया है। झारखंड में चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। इसको लेकर चुनाव प्रचार में तेजी दिखने लगी है। नामांकन के समय से ही भाजपा के कई बड़े नेताओं का झारखंड दौरा हो चुका है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी 03 और 04 मई को झारखंड दौरा कर राजनीतिक पारा को बढ़ा दिया है। झारखंड लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार में किसी तरह की कमी नहीं रह जाए इसको देखते हुए इंडिया



ब्लॉक में शामिल दलों के स्टार प्रचारकों का झारखंड आने का सिलसिला 07 मई से शुरू हो रहा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के बड़े नेता कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी तय कार्यक्रम के अनुसार 07 मई को झारखंड दौरे पर रांची आ रहे है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति से मिली जानकारी के अनुसार गुमला के बसिया में राहुल गांधी की चुनावी सभा होगी। वहीं से खूंटी और लोहरदगा लोकसभा सीट के कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगेंगे।

**मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी सहित कई अन्य नेताओं का होगा झारखंड दौरा :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी की संभावित झारखंड दौरे के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी के साथ साथ भूपेश बघेल और अन्य बड़े नेताओं का चुनावी कार्यक्रम तय किया जाएगा।

**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस जीएसटी अपील ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष नियुक्त

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपील ट्रिब्यूनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। उनकी नियुक्ति चार वर्ष के लिए की गयी है। जीएसटी अपील ट्रिब्यूनल का अध्यक्ष रहने के दौरान उन्हें 2 लाख 50 हजार रुपए का मासिक वेतन मिलेगा। बता दें कि जस्टिस संजय कुमार मिश्रा पिछले वर्ष दिसंबर महीने में रिटायर हुए थे। उन्होंने वकालत के पेशे से अपने करियर की शुरूआत की थी।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
(जिला योजना)
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

**अति अल्पकालीन अनुरोध प्रस्ताव पत्र (Short Term Request For Proposal (RFP))**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सी0एस0आर0 मद अन्तर्गत दिव्यांग एवं वरिष्ठ व्यक्तियों को आगामी लोकसभा आम चुनाव–2024 में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के सुविधा हेतु सी0एस0आर0 मद से व्हील चेयर का क्रय हेतु विभिन्न शर्तों के साथ अति अल्पकालीन अनुरोध प्रस्ताव पत्र (SHORT TERM REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)) को प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान / फर्म दिनांक 09.05.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक शर्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद RFP एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं दिनांक 09.05.2024 के अपराह्न 02:00 बजे प्राप्त RFP को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले RFP पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

RFP के नियम एवं शर्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग।

PR 324379 Planning and Development(24-25)D

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–28042024–253918
CG-DL-E-28042024-253918
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1732] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 26, 2024/वैशाख 6, 1946
No. 1732] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 26, 2024/VAISAKHA 6, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 26 अप्रैल, 2024**

का. आ. 1824(अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के चतरा जिले के गाँव–दुन्दु 187, नोनिया 66, बकाइन, बेला 72, करमा, भोगताडीह 172, चौखड़ा 69, तालुक–हंटरगंज और गाँव–दरहा, सिकिद, संघरी, साती, मदमदीरी, कठौन, लेम, लुपुंगा, भोज्या, तालुक–चतरा और गाँव–ईचाक शेप 211, देवरिया 187, सीकरी 163, बोंगादाग 215, मनातु 169, शिला 212, कुरुम 196, अमगाँवा 197, हाहे 193, हुरनाली 190, लेपो 186, एदला 164, पचमो 188, पीरी, दूतिलवा 167, तालुक–सिमरिया मे Greenfield Highway के कि.मी. 184.4 से कि.मी. 268.7 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू–अर्जन प्राधिकारी चतरा को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

झारखंड राज्य के चतरा जिले के गाँव–दुन्दु 187, नोनिया 66, बकाइन, बेला 72, करमा, भोगताडीह 172, चौखड़ा 69, तालुक–हंटरगंज और गाँव–दरहा, सिकिद, संघरी, साती, मदमदीरी, कठौन, लेम, लुपुंगा, भोज्या, तालुक–चतरा और गाँव–ईचाक शेप 211, देवरिया 187, सीकरी 163, बोंगादाग 215, मनातु 169, शिला 212, कुरुम 196, अमगाँवा 197, हाहे 193, हुरनाली 190, लेपो 186, एदला 164, पचमो 188, पीरी, दूतिलवा 167, तालुक–सिमरिया मे Greenfield Highway के कि.मी. 184.4 से कि.मी. 268.7 लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

2453 GI/2024

[फा. सं. : NHAI/PD/PIU-HZB/Expressway/3A]

प्रकाशन तिथि : 26.04.2024
https://egazette.gov.in
https://egazette.gov.in/(S(gkyklwo213uenicvr425zfbu))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showfile.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVBX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=NjgxMDQ=&EncHid=767071211&type_id=1

### ओड़िशा से चुनाव लड़ेगा झामुमो, हुई प्रत्याशियों की घोषणा

**रांची।** झामुमो ओड़िशा विधानसभा चुनाव भी लड़ेगा। पार्टी ने पांच विधानसभा सीट से अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। जारी सूची के अनुसार शिबू सोरेन की बड़ी बेटी अंजनी सोरेन लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगी। वह मयूरभंज लोकसभा से पहले ही प्रत्याशी घोषित की जा चुकी हैं, अब उन्हें सरसकना विधानसभा से भी प्रत्याशी बनाया गया है।

**ओड़िशा के इन विधानसभा सीटों पर झामुमो लड़ेगा चुनाव**

सरसकना- अंजनी सोरेन, रायरंगपुर- सुनराम टुडू, बंगरीपोशी-विष्णु सिंह, भोरदा-कृष्णा चंद्र दास और उदला-चक्रधर सिंह।

आजसू के बागी अर्जुन बैठा ने किया नामांकन

## आजसू से बागी हुए अर्जुन बैठा, पार्टी छोड़ी, गांडेय से निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा सीट पर भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई है। यह मुश्किल एनडीए में शामिल आजसू पार्टी के नेता अर्जुन बैठा ने खड़ी की है। अर्जुन ने गांडेय विधानसभा सीट से बतौर निर्दलीय नामांकन किया है। शुक्रवार को अर्जुन समाहरणालय पहुंचे और गांडेय निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

**भाजपा कर रही थी उपेक्षा :** नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अर्जुन ने कहा कि गांडेय विधानसभा सीट पर भाजपा ने बगैर आजसू की सहमति के उम्मीदवार उतार दिया। उम्मीदवारी देने के बाद भाजपा ने आजसू की उपेक्षा करना शुरू कर दिया। आजसू सुप्रीमो को भी सहमति में नहीं लिया था।

**बात नहीं बनी :** ऐसे में गुरुवार की रात को भाजपा और आजसू की संयुक्त बैठक रांची में हुई। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गाण्डेय से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा भी मौजूद रहे। बैठक लंबी चली और 2024 में दिलीप वर्मा को एनडीए का उम्मीदवार बनाने की बात कही गई।

**फिर भी नहीं माने समर्थक :** रांची के बैठक में लिये गये निर्णय के बाद भी आजसू के अर्जुन बैठा समर्थन नहीं मानें। सभी ने जिद किया कि चुनाव लड़ना है। ऐसे में समर्थकों के साथ आजसू पार्टी छोड़कर निर्दलीय नामांकन किया। कहा कि वे आजसू सुप्रीमो को धन्यवाद देते हैं कि पार्टी में उनके द्वारा हर समय सहयोग दिया गया।

### महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को हाई कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**रांची।** राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार पर आपराधिक अवमानना मामला चलने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाईकोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार के खिलाफ आपराधिक अवमानना चलाने मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। दरअसल, 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। यहां बता दें कि हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 1 सितंबर 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में प्रार्थी की ओर से अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई थी।

लोहरदगा, राजमहल, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा में निर्दलीय प्रत्याशियों ने एनडीए और इंडी ब्लॉक की बढ़ाई टेंशन

# झारखंड की पांच लोकसभा सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों के आने से त्रिकोणीय हुआ मुकाबला

**सत्येन्द्र**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा का चुनाव भले ही राष्ट्रीय स्तर के दो गठबंधन एनडीए और इंडिया के बीच होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद यह चुनाव दोनों ही गठबंधनों के लिए कुछ सीटों पर निर्दलीय के मैदान में आ जाने से असान नहीं दिख रहा है। निर्दलीय प्रत्याशियों ने झारखंड के लोकसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों का टेंशन बढ़ा कर रख दिया है। लोहरदगा, चतरा, राजमहल, कोडरमा और गिरिडीह लोकसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशियों के उतरने से त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। ये निर्दलीय प्रत्याशी इन लोकसभा सीटों पर दोनों ही गठबंधन में से किसी एक का खेल बिगाड़ सकते हैं। इनमें से तीन नेता झामुमो और एक नेता राजद से बगावत कर चुनाव मैदान में उतरने का मन बना चुके है।

मालूम हो कि राजमहल सीट से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। झामुमो के विधायक चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर चुके हैं। वहीं गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा झामुमो से बगावत कर चुके हैं और कोडरमा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में है। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह राजद से बगावत कर चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके है। वहीं गिरिडीह से खतियानी मोर्चा के जयराम महतो निर्दलीय ताल ठोंकने वाले हैं। ये पांचों नेताओं की पहचान अपने-अपने क्षेत्र में जनाधार वाले नेता के रूप में है। इस स्थिति में ये पांचों नेता लोकसभा चुनाव के प्रस्तावित सीटों पर एनडीए और इंडिया के प्रत्याशियों का खेल गिबाड़ सकते है।

### राजमहल में लोबिन की बगावत ला सकती है रंग

झामुमो ने राजमहल लोकसभा सीट से सीटिंग सांसद विजय हांसदा को उतारा है। वहीं भाजपा ने ताला मरांडी को प्रत्याशी बनाया है। बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल से टिकट की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन जब टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने भी बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। 2005 में झामुमो ने विधानसभा चुनाव में लोबिन का टिकट काटा था। उस वक्त भी लोबिन निर्दलीय चुनाव में उतर गये थे और चुनाव जीत भी गए। अब राजमहल लोकसभा सीट से लोबिन के उतरने से झामुमो की टेंशन बढ़ गई है।

### लोहरदगा में चमरा ने बढ़ायी गठबंधन की धड़कन

चमरा लिंडा वर्ष 2004, 2009 और 2014 में लोहरदगा लोकसभा सीट से अपना किस्मत अजमा चुके है। हालांकि तीनो चुनाव में उनका किस्मत साथ नहीं दिया। इसके बावजूद उनको जनता का अच्छा स्नेह मिला। 2004 में वे तीसरे नंबर पर थे। 2009 में दूसरे स्थान और 2014 में तीसरे स्थान पर थे। तीनों चुनाव में मिले वोट से यह साफ है कि चमरा लिंडा का लोहरदगा में अपना जनाधार है। इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत लोहरदगा सीट कांग्रेस को मिली है। ऐसे में चमरा लिंडा झामुमो से बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में है। उनके उतरने से लोहरदगा में अब कांग्रेस–भाजपा और उनमें त्रिकोणीय मुकाबला होने की प्रबल संभावना है।

### चतरा में कालीचरण ओर केएन त्रिपाठी की टेंशन बढ़ायेंगे गिरिनाथ सिंह

पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह चतरा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट के दावेदार थे, लेकिन भाजपा ने कालीचरण सिंह को टिकट दे दिया। इससे नाराज गिरिनाथ टिकट की उम्मीद में वापस अपने पुराने घर राजद पहुंच गये, लेकिन इंडिया गठबंधन की सीट शेयरिंग में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई। कांग्रेस ने वहां से केएन त्रिपाठी को उतार दिया है। अब गिरिनाथ सिंह चतरा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी चतरा सीट से निर्दलीय चुनाव जीत चुके हैं। गिरिनाथ के चुनाव मैदान में आने से कांग्रेस और भाजपा दोनों को परेशानी हो सकती है।

### कोडरमा में अन्नपूर्णा एवं विनोद की परेशानी बढ़ा सकते हैं जय प्रकाश

कोडरमा में प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने भाजपा और भाकपा माले की टेंशन बढ़ा दी है। कोडरमा सीट पर गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक और झामुमो नेता प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक दी है। टिकट की उम्मीद में जयप्रकाश झामुमो में शामिल हुए थे, लेकिन इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत कोडरमा सीट भाकपा माले के खाते में चली गयी। बगोदर से माले विधायक बिनोद सिंह यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी दोबारा चुनाव मैदान में है। जयप्रकाश के आने से यहां भी त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है।

### गिरिडीह में जयराम के आने से मुकाबला त्रिकोणीय

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा सीट में बतौर निर्दलीय मैदान में हैं। गिरिडीह में एनडीए की सीट शेयरिंग के तहत आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, गठबंधन में झामुमो से मथुरा महतो चुनाव मैदान में हैं। जयराम के आने से यहां का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जयराम की युवा वोटरों पर अच्छी पकड़ है।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
04.05.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 289 06 आखिर इस फर्क को समझना ही होगा

### न्यूज डायरी

## राहुल ने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा सीट के पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा, मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है। नामांकन के मौके पर सोनियां, प्रियंका समेत कई दिग्गज मौजूद थे।

## भाजपा ने झूठ का ठेका ले रखा है : कल्पना सोरेन

**गिरिडीह।** एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। शुक्रवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में कल्पना सोरेन ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। कल्पना ने कहा कि हेमंत की गिरफ्तारी के बाद पार्टी के कार्यकर्ता और नेताओं के आग्रह और प्यार देखकर मैंने राजनीति में कदम रखा। जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक उनकी कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। हेमंत सोरेन के मामले में कोइ कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश है।

## चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी , लेकिन उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध समारोह में शामिल होने की इजाजत दे दी है। यह शर्त भी है कि उन्हें पुलिस हिरासत में ही रहना होगा। मीडिया से भी कोई बात नहीं करनी होगी।

# रांची में मोदी- मोदी, रोड शो में फूलों की वर्षा

- भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से जिताने की पीएम ने की अपील

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चाईबासा में जनसभा के बाद शुक्रवार की शाम करीब 6.50 पीएम मोदी रांची एयरपोर्ट पहुंचे। रांची में पीएम के रोड शो में मोदी-मोदी कूजता रहा। रास्ते में हर इलाके में रोड किनारे खड़े लोगों ने उन पर फूलों की बरसात की। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद प्रत्याशी संजय सेठ समेत पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से उनका काफिला राजभवन के लिए रोड शो करते निकला। बिरसा चौक पहुंचते ही मोदी गाड़ी से नंगे पांव उतरे और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। बिरसा चौक से सेटेलाइट कॉलोनी चौक, अरगोड़ा चौक, भाजपा दफ्तर, हरमू रोड, रातू रोड चौक तक लोगों ने हाथ हिलाकर मोदी का स्वागत किया। पीएम ने भी समर्थकों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। सड़को के किनारे मोदी- मोदी गूंज रहे थे। हर ओर बस मोदी-मोदी की गूंज थी। बीच- बीच में नारा लग रहा था, अबकी बार चार सौपार। हरमू भारत माता चौक से लेकर रातू रोड चौक तक करीब दो किलोमीटर के रोड शो में हिस्सा लिया। रोड शो राजभवन जाकर समाप्त हुई, जहां प्रधानमंत्री मोदी का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उनका स्वागत किया।

### झारखंड क्रांतिकारियों की भूमि, इंडीवाले सम्मान तक नहीं देते

# घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे कांग्रेस व झामुमो

**चाईबासा में बोले मोदी**

- गीता और अर्जुन को जितायें, हमें मजबूत बनायें
- बढ़ रहे घुसपैठ से घट रहे हैं आदिवासी, भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा को देशव्यापी बनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा।** सबको जोहार से संबोधन शुरू करते हुए पीएम मोदी ने चाईबासा में कहा, झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस झामुमो ने उन्हें सम्मान नहीं दिया। झारखंड में झामुमो, कांग्रेस व सहयोगी दल वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। इससे आदिवासियों की संख्या घट रही है। भाजपा ने चूकि झारखंड बनाया है अतः आदिवासियों की इस स्थिति पर वह चिंतित हैं। झारखंड तो मेरे दिल के करीब है। कांग्रेस तो आजादी की श्रेय भी सिर्फ एक परिवार को देती है। पीएम मोदी शुक्रवार को टाटा कालेज चाईबासा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा खूंटी से अर्जुन मुंडा व सिंहभूम से गीता कोड़ा को भारी मतों से जितायें और मुझे मजबूत बनायें। उन्होंने लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाने की अपील की।


शुक्रवार की शाम रांची में रोड शो करते पीएम मोदी।

### संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता

**आरक्षण** पर पीएम मोदी ने कहा कि संविधान को कोई किसी को भी आदिवासियों, दलितों और ओबीसी का आरक्षण अपने रहते छीनने नहीं देंगे। यह मोदी की गारंटी है। कांग्रेस एक जाति विशेष को अधिक लाभ पहुंचाने के इरादे से आरक्षण पर डाका डालने की साजिश कर रही है। उसे सफल नहीं होने देना है। पीएम मोदी ने कहा कि जनजातीय युवकों को भाजपा ने खेलों में बढ़ावा दिया। कांग्रेस ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया था। भाजपा ने आदिवासियों के लिए जनजातीय मंत्रालय बनाया। अब एकलव्य विद्यालय बनाया जा रहा है।

### कांग्रेस और झामुमो ने जम कर लूटा

पीएम ने कांग्रेस व झामुमो पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झामुमो ने जमीन घोटाला किया है। आज क्या हाल है, कितने जेल में बंद हैं, आप सब जानते हैं। कांग्रेस के सांसद के यहां से तीन सौ करोड़ से अधिक पैसे मिले। मशीनें जांचने में हांफने लगीं। पीएम मोदी ने लोगों से पूछा, झाखंड को भ्रष्टाचार व जंगलराज में झोंकनेवालों को सजा मिलनी चाहिए या नहीं।

### कांग्रेस को आदिवासी पसंद नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को आदिवासियों का सम्मान पसंद नहीं है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जो झारखंड की पहली महिला राज्यपाल रही हैं, इन्हें राष्ट्रपति बनाने का इंडी गठबंधन ने काफी विरोध किया। इसके साथा ही उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। लोकसभा चुनाव 2024 के के अपने पहले झारखंड की दो दिनी यात्रा पर आये पीएम मोदी पहले दिन चाईबासा में एक विशल जनसभा को संबोधित किया। मंच पर उनके साथ प्रत्याशी गीता कोड़ा, अर्जुन मुंडा समेत बाबूलाल मरांडी व कई अन्य नेता मौजूद रहे।

### भाजपा ने बनाया झारखंड मेरे दिल के करीब

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के कारण ही झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। यही कारण है कि उनके लिए दिल्ली से बढ़कर झारखंड का नाता है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दलों नेता ये कहते थे कि उनकी लाश पर झारखंड का निर्माण होगा, आज झारखंड का सत्तारुढ़ दल भी उन्हीं के साथ है। ये तो भाजपा की ताकत थी कि झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। पीएम ने बताया कि आयुष्मान भारत और मुद्रा योजना की शुरूआत झारखंड से शुरू हुई है। पीएम ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव से पीएम जनमन योजना की शुरूआत की गयी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी की शुरूआत झारखंड के खूंटी से हुई है।

### जमशेदपुर में मोहंती के नामांकन के बाद बोले सीएम


# पीएम पूरा राज्य नाप लें, नहीं मिलेगी सीट



**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वोट का समय है, हर राजनीतिक दल के नेता मतदाताओं के बीच जा रहे हैं। हर किसी को झारखंड में आने और वोट मांगने का हक है। झारखंड में पीएम भी चुनावी दौरे पर आये हैं, उनकी स्वागत है, पर सच बात यह है कि पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में लहर है। पीएम पूरा झारखंड ही क्यों न नाप लें, भाजपा को इस बार वोट नहीं मिलनेवाला। मोदी के वादों पर झारखंड व की जनता को तनिक भी भरोसा नहीं है। सीएम जमशेदपुर में पार्टी प्रत्याशी समीर महंती के नामांकन के बाद खबर मन्त्र से बात कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी झारखंड पहुंचे हैं। उन्हें चुनावी सभाओं को संबोधित करना ह। पर इस बार उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी। झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीतेंगे। सीएम ने कहा, पीएम मोदी वोट मांगने झारखंड आये हैं, पर उनके पास झारखंड को लेकर कोई एजेंडा नहीं है। ठीक उसी तरह जिस तरह देश के लिए सिवाय जुमलेबाजी के उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। ऐसे में झारखंड के लोग भाजपा को क्यों वोट देंगे? चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड के लोग वर्ष 2014 से लेकर इस साल 2024 तक केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने जो भी चुनावी वादे किये थे उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया है। मोदी सरकार मंहगाई खत्म , बेरोजगारी खत्म करने में फेल रही। किसानों, मजदूरों और गरीबों के लाभार्थ लोक लुभावना वादे करके सत्ता में आये थे । 10 साल के कार्यकाल में उन्होंने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने एक ही काम किया है वह कि देश की जनता को धर्म एवं जाति के नाम पर आपस में लड़ने का। आदिवासी हित के खिलाफ उनकी सरकार ने काम करते हुए झारखंड विधानसभा में पारित सरना धर्म कोड बिल, स्थानीयता बिल, ओबीसी आरक्षण बिल को राजभवन के जरिए लटकाने का काम किया है। अब वे वन अधिनियम को कमजोर करना चाहते हैं, ताकि वन संपदा को आदिवासियों से छीन कर पूंजीपतियों को दिया जा सके।






## राजधानी रांची में रोमांच और उत्साह से भरा रहा प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो, राजभवन में किया रात्रि विश्राम

# पीएम की झलक पाने को उमड़ा हूजूम काफिला गुजरते ही लगे मोदी के नारे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची में रोड शो रोमांच से भरा रहा। पीएम मोदी काफिला रांची के जिस-जिस रास्ते से गुजरा लोगों ने पुष्पवृष्टि कर मोदी-मोदी के नारे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पारंपरिक वेश-भूषा में क्षेत्रीय कलाकारों ने मंच से नृत्य प्रस्तुत कर पीएम का अभिनंदन किया। पीएम मोदी को देखने पूरे रास्ते में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था।

रातू रोड चौक पर इस भव्य स्वागत को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लोगों का हाथ हिला कर अभिवादन किया। जिसके बाद उनका काफिला राजभवन की तरफ बढ़ता गया।

रोड शो के दौरान उन्होंने रांची से पार्टी प्रत्याशी संजय सेठ के लिए वोट भी मांगा। एयरपोर्ट से पीएम की गाड़ी में रांची सांसद संजय सेठ तथा अमर बाउरी सवार थे। रास्ते में जगह-जगह पर फूल बरसाने में महिलाएं भी बड़ी तादाद थी। पीएम मोदी के हाथ में भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का छोटा कटआउट था, जिसे दिखाकर उन्होंने पार्टी के पक्ष में मतदान की मौन अपील की। रोड शो में लोग लगातार मोदी-मोदी के नारे लगाते रहे। पीएम मोदी को देखने के लिए छतों, पेड़, होटलों और जहां जिसे जगह मिली, वहीं जमा रहे। कई लोगों ने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें और कटआउट ले रखी थी।

मौके पर राम दरबार की जीवंत झांकी प्रस्तुति की गई। इसके साथ ही करीब बीस फुट की श्री राम की प्रतिमा भी बनाई गई थी। राजभवन के रास्ते तक जय श्रीराम, मोदी-मोदी के नारे लगते रहे। हरके चौक-चौराहों तथा रास्ते भर मोदी-मोदी के नारे लगे। मोदी ने पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल दिखाकर जनता का अभिवादन स्वीकार करते रहे। एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी अमर बाउरी, शोभा यादव, विधायक पुष्पा देवी, आरती कजुर, मुकेश मुक्ता, कृपा शंकर, रमेश सिंह, राकेश भास्कर, मनोज सिंह ने किया।





### पीएम के आगमन से बीजेपी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा

झारखंड की राजधानी रांची में पीएम मोदी के आगमन को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ओं और समर्थकों में खासा उत्साह था। तय कार्यक्रम के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी रांची एयरपोर्ट से राजभवन के लिए निकले। सबसे पहले बिरसा चौक पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे हजारों लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। बीजेपी के साथ-साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी पीएम के स्वागत में जुटे रहें। सुरक्षा के भी चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे। पुलिस प्रशासन के लोग पूरी तरह से मुस्तैद नजर आये।

## सुरक्षा रही चाक-चौबंद



पीएम मोदी के रांची आगमन पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन चौकस रही। हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौक, हॉटलिप्स चौक से राजभवन तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और अधिकारी तथा दंडाधिकारी मौजूद थे। पीएम के आगमन के रास्ते में पूरी तरह नाकेबंदी और रस्सी से घेराबंदी कर दी गयी थी। काफिले में कोई प्रवेश न कर जाये, एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। चौक- चौराहों में बैरिकेडिंग कर दिया गया था। किसी भी सड़क पर गुजरने की इजाजत नहीं थी। पीएम की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो वाहन के चारों ओर से निगाहें जमाये हुए थे।

## पत्रकार से एसएसपी ने छीनी आइडी, नहीं सुनी एक भी बात

देर शाम मीडिया के कुछ कर्मी बीजेपी ऑफिस के बाहर मोदी का रोड शो का लाइव कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एक टीवी के रिपोर्टर को लाइव करने से रोका। रिपोर्टर ने जब अपनी बात कहनी चाही तो एसएसपी ने उन्हें अंदर करने की धमकी दी, फिर आईडी छीनकर चलते बने। रांची में रोड शो के पहले पीएम मोदी ने सिंहभूम और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चाईबासा में एक बड़ी रैली को संबोधित किया था। रोड शो के समापन के बाद पीएम मोदी राजभवन पहुंचे, वह राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे और शनिवार को पलामू, लोहरदगा में चुनावी रैलियां करेंगे।

## स्नातक सेमेस्टर फोर के परीक्षाफल से असंतुष्ट विद्यार्थी यशस्विनी से मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय से उनके आवास पर मिले और अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर फोर की परीक्षा में विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण 75% से अधिक छात्र छात्राएं हर कॉलेज में फेल कर दिए गए हैं जबकि उन्होंने पेपर अच्छा दिया है। उन्होंने मांग किया कि रिजल्ट का रिवाइज किया जाए। यशस्विनी सहाय ने उनकी बातें ध्यान से सुनीं। वहीं मौके पर उपस्थित सुबोध कांत सहाय ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन बात की और छात्र-छात्राओं की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कुलपति ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर इन छात्रों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सुश्री सहाय से मिलने वालों में संत पौल कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, निर्मला कॉलेज, गोस्सनर कॉलेज, योगदान कालेज और राम लखन सिंह यादव कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल थे।



## हेमंत सोरेन पर बेबुनियाद आरोप लगाकर जबरन जेल भेजे जाने का विरोध वोट में दिखेगा : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा के लिए इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में रांची महानगर की बैठक झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की उपस्थिति मे हुई। बैठक में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू उपस्थित रहे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा हमें देश की तानाशाह सरकार को हटाना है। झारखंड में किस तरह से हेमंत सोरेन को झूठे आरोप मे जेल भेजा गया जिसका हमें अपने वोट से करारा जवाब देना है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनाना है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा हम सभी इंडी गठबंधन के साथियों को एकसाथ केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है। जिस तरह हमारे नेता हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया और एक आदिवासी मुख्यमंत्री को अपमानित किया गया है इसे लेकर पूरे झारखंडियों में विरोध है जो वोट के रुप में सबके सामने आयेगा।

बैठक में झामुमो रांची जिला से केंद्रीय सदस्य पवन जेडिया, चिंतामणि सांगा, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, रामशरण विश्वकर्मा, आफताब आलम, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, लालजी रमन, अरुण वर्मा, विक्रम सिंह, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, पप्पू गद्दी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम गुड्डू, परविंदर नामधारी, महादेव मुंडा, जीत गुप्ता, कैथरीना तिर्की, युवा मोर्चा रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सचिव सोनू मुंडा, अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, संगठन सचिव विश्वजीत गोप, राकेश सिंह, अजय सोनी, महिला मोर्चा जिला सचिव शांति तिर्की, उपाध्यक्ष सालो देवी, नवीन तिर्की, अजीत लकड़ा, सुजीत कुजूर, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, सोहेल खान, मो कयूम अंसारी, महताब अंसारी, मो फिरोज, निजाम, अंशु लकड़ा, महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, उपाध्यक्ष रोमा सरकार, संगठन सचिव राधा हेंब्रम, सुनीता लिंडा, राधा बाउरी, संयुक्त सचिव अनिमा केरकेप्ता, अबुतालिब अंसारी, अजीत लकड़ा, लक्ष्मण राम, संजय ठाकुर, साहिल यादव, भोलू मलिक, मो गुड्डू, मुस्लिम अंसारी, राकेश वर्मा, अल्ताफ राजा, भास्कर महतो, मो यूनुस खान, रवि कुमार, तबरेज अहमद आदि थे।

### खबर एक नजर में

### रांची संसदीय क्षेत्र से शुक्रवार को चार अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पांचवे दिन अब तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। शुक्रवार को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। नामांकन करनेवालों में अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी, धनंजय भगत 'गाँधी', मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल, मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय, मनोज कुमार, निर्दलीय शामिल हैं।

### रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान



**रांची।** डीएवी गांधीनगर स्कूल कांके रोड में रिलेशंस ने शुक्रवार को पक्षी बचाओ अभियान चलाया। मौके पर बच्चों से भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करने में योगदान दें। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार,शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी,समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं एव सैंकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कांके चौड़ी बस्ती में आदिवासी युवा सम्मेलन



**रांची।** कांके प्रखंड की चौड़ी बस्ती में शुक्रवार को आदिवासी युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि हमारी सरकार आते ही आदिवासी हितों की रक्षा निश्चित रूप से की जाएगी। कांग्रेस शुरू से ही आदिवासी हितों को लेकर कृत संकल्प है। मौके पर सुरेश कुमार बैठा, प्रेम शाही मुंडा, शिवा कच्छप, अभय भुटकुवंर, नारायण उरांव, लाल महली, चमन तिर्की, अमर तिर्की, धर्मदेव भगत, संजू देवी, बुद्धेश्वर कारमाली, रामटहल नायक, मोदी उरांव, सुरेंद्र लिंडा, कुंदरसी मुंडा मौजूद थे।

## आईएलसीसी द्वारा आयोजित 'एक्सटेम्पोर स्पर्द्धा में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आईएलसीसी द्वारा आयोजित 'एक्सटेम्पोर स्पर्धा में शारदा ग्लोबल स्कूल की नवीं कक्षा की छात्रा कावेरी मिश्रा एवं दशवीं कक्षा की छात्रा ईशान्वी माथुर ने द्वितीय स्थान पर रह विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इनकी सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरुप एवं प्राचार्या महोदया जसमीत कौर ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ये आज के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है कि छात्र सतत पुस्तकों का अध्ययन करें, जिनसे उनके अन्दर नए विषयों को समझने, नए-नए शब्दों से परिचित होने का अवसर मिल सके। उन्होंने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि ये इन छात्राओं के लगातार एवं अनवरत परिश्रम का ही परिणाम है कि उन्होंने तत्कालिक विषय पर अपनी विशिष्टता प्रदर्शित की एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा एवं अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है।



## कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन

**रांची।** कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में नेत्र रोग विशेषज्ञों के 21वें वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. विभूति कश्यप और डॉ. निधि गड़कर कश्यप इस डेफर्ड लाइव सर्जरी के संयोजक रहे। मौके पर डॉ. समर बसाक ने कहा कि झारखंड में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक कराने में कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब ने जितना प्रयास किया है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम ही होगी। मौके पर डॉ भारती कश्यप ने बताया कि डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र में माइनस पॉवर कम करने के ऑपरेशन से लेकर पलक, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, रेटिना की 11 तरह की नयी-नयी सर्जिकल तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। डेफर्ड लाइव सर्जरी पहले कैटरेक्ट सत्र में डॉ. बी. पी. कश्यप, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अरविन्द मौर्या एवं डॉ. पार्थो बिस्वास ने कड़े हो चुके एवं पके हुए सफेद मोतियाबिंद में अलग-अलग नवीन सुरक्षित तकनीकों का प्रदर्शन किया।



### आने वाले दिनों में लोगों को मिलेगी गर्मी से राहत

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दिनों में गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। पांच मई तक राज्य में हीट वेव का असर देखा जायेगा। 6 मई से राज्य में बारिश की संभावना है। पांच मई तक राज्य में पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पाकुड़ और गोड्डा में हीट वेव का चलेगा। 6 मई से उत्तर पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। राज्य में 8 मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## सीता का कल्पना मुर्मू पर कसे गये तंज पर झामुमो आक्रामक, झामुमो ने कहा

# सीता सोरेन का असली घर जेएमएम ही, लौट कर इसी घर में आना है, अमर्यादित न बनें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन के द्वारा गांडेय विधानसभा की प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन के प्रति अमर्यादित टिप्पणी को लेकर झामुमो में आक्रोश है। झामुमो ने सीता सोरेन को सलाह दी है कि बीजेपी के बाद उन्हें झामुमो के घर में ही आना है। इसलिये वे कल्पना सोरेन और हेमंत सोरेन के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने से बचें। केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने दुमका से भाजपा प्रत्याशी और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू को भाजपा नेताओं के बहकावे में न आने की सलाह देते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही उनका (सीता सोरेन) का वास्तविक घर है। सितंबर-अक्टूबर में उन्हें इसी घर में वापस आना है।

### क्या कहा था भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने



दुमका लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने एक सभा में कहा था कि हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन अपनी छवि सुधारें, तब भाजपा पर आरोप लगायें। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने कहा था कि गांडेय में कल्पना सोरेन के नामांकन के बाद जिस तरह से बीमार बाबा (शिबू सोरेन) को चिलचिलाती धूप में घंटों मंच पर बैठाया गया, उससे साफ है कि कल्पना सोरेन को सिर्फ सत्ता चाहिए, बाबा की जान की फिक्र उन्हें नहीं है।

सीता सोरेन ने कहा था कि बाबा को कुछ भी हो जाए, कल्पना सोरेन को सत्ता चाहिए। सीता सोरेन इतने पर नहीं रुकी थीं। उन्होंने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते कल्पना सोरेन की तस्वीर पर भी तंज कसते हुए कहा था कि ये सब वही करते हैं जो झूठे होते हैं।

### भाजपा नेताओं के बहकावे में न आएं सीता सोरेन : झामुमो

मनोज पांडेय ने कहा कि सीता सोरेन सोरेन परिवार की बड़ी बहू हैं। उनकी घर वापसी पर हम सब उनके मान-सम्मान का ख्याल रखेंगे, लेकिन उन्हें भी अमर्यादित बयानबाजी से परहेज करना चाहिए। उन्हें भाजपा नेताओं के बहकावे में आकर दिग्भ्रमित नहीं होना चाहिए।

### सलाह देने वाले बताएं कि सोरेन परिवार में बड़ी बहू को सम्मान क्यों नहीं मिला?

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय द्वारा सीता सोरेन को बयानबाजी में मयार्दा बनाये रखने की सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता सह प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो के नेता बताएं कि सोरेन परिवार की बड़ी बहू को उनके पति के नहीं रहने पर विरासत का अधिकार क्यों नही मिला। दुर्गा सोरेन के निधन के बाद उनके साथ सौतेला व्यवहार क्यों होता रहा। तीन-तीन बार की निर्वाचित विधायक को कोई पद नहीं मिला और दूसरे लोग मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद बन गए। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को सलाह देने का हक झामुमो नेताओं को नहीं है।

## अतुल कुमार अंजान के निधन पर सीपीआइ ने जताया शोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआइ के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अंजान का शुक्रवार को निधन हो गया। अतुल कुमार अंजान के असामयिक निधन से झारखंड में पार्टी में शोक की लहर है। पार्टी में तीन दिनों तक शोक रहेगा। इस दौरान पार्टी का झंडा उनके सम्मान में झुका रहेगा। इधर सीपीआइ राज्य कार्यकारिणी की ओर से जानकारी दी गयी कि स्व अंजान का निधन शुक्रवार सुबह चार बजे हुआ। वे सीपीआइ के राष्ट्रीय सचिव के साथ ही अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव प्रखर वक्ता कई भाषाओं के जानकार थे। अतुल कुमार अंजान के असामयिक निधन पर राज्य सचिव महेन्द्र पाठक और राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा है कि अतुल कुमार अंजान सीपीआइ के बौद्धिक संपत्ति थे। निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करनेवाले नेता थे। वहीं सीपीआइएम की ओर से भी अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।



**20 साल की उम्र में शुरू किया था राजनीतिक सफर :** बता दें कि अतुल कुमार अंजान को भारतीय वामपंथी राजनीति का बड़ा चेहरा माना जाता था। उन्होंने साल 1977 में लखनऊ यूनिवर्सिटी छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। उस समय उनकी उम्र मात्र 20 साल थी। इसके बाद लगातार चार बार वो लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। तेजतर्रार छात्र नेता के रूप में अपनी राजनीतिक करियर की शुरूआत करने वाले अतुल अंजान ने अपनी वक्तव्य कला से राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल की थी।

### 2017 के पीटी रिजल्ट को लेकर हाईकोर्ट ने जेपीएससी से मांगा जवाब

**रांची।** जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता 2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट में हुई। मामले में न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता 2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/2017 निकाला गया था। इसके लिए वर्ष 2024 में पीटी परीक्षा ली गई थी, इसके बाद जीपीएससी ने आंसर की एवं संशोधित आंसर की निकला था, लेकिन दोनों में ही त्रुटि थी, इस कारण जीपीएससी द्वारा जारी पीटी का रिजल्ट भी त्रुटि पूर्ण है। इसलिए रिजल्ट को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाए। इसलिए एक्सपर्ट कमिटी उक्त परीक्षा के रिजल्ट में गलती को सुधार करते हुए उनका चयन करें।

## कोलइंडिया की बी सी सी एल कम्पनी में पहले से है सबसे बड़ी यूनियन

# सी.सी.एल.में एच.एम.एस की सबसे बड़ी यूनियन बनी जनता मजदूर संघ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** एन के एरिया में चेकअप प्रणाली से कटे सदस्यता आंकड़े के हिसाब से एच एम एस से सम्बद्धय जनता मजदूर संघ सबसे बड़ी यूनियन बन कर उभरी है। सीसीएल के चेकअप प्रणाली के तहत शामिल यूनियनों के सदस्यता कटौती के आंकड़े सामने आने पर एच एम एस से जुड़े सीसीएल की तीन यूनियन जनता मजदूर संघ 3020, कोलफील्ड मजदूर यूनियन 1698, आर के एम यू 1573 तक सदस्य बने है । वहीं यूनिय के आंकड़े आने के बाद जनता मजदूर संघ प्रथम स्थान के शीर्ष पर रहा। सीसीएल में संचालित सभी यूनियनों में संघ चौथे स्थान पर इस वर्ष रहा है। उक्त बातें संघ के एरिया अध्यक्ष गोलटेन प्रसाद यादव ने कहा। बताया कि एनके एरिया में जनता मजदूर संघ सभी यूनियनों में प्रथम रहा है वर्ष 2023 के सदस्यता आंकड़े में सीसीएल में यूनियन के सफलता के लिये विशेष तौर पर संघ के सीसीएल अध्यक्ष सह जे सी एस सी सदस्य कमलेश सिंह का कुशल नेतृत्व व क्षेत्रीय पदाधिकारी के सहयोग के लिये अभिनंदन किया है। श्री यादव ने सभी कामगारों का आभार व्यक्त किया जिनके विशवास से यूनियन सीसीएल में प्रगति कर रहा। प्रथम होने पर बधाई देनेवालों में क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह अजय चौहान, टुपा महतो, चंद्रभूषण सिंह, बिरेन पासवान, बुटन चौहान, तपेश्वर कु यादव, अमिताभ चौहान, संजय कुमार, कंचन, बिरजू लोहार, रविन्द्र उराँव, मंतोष सिंह, आनन्द सिंह, संदीप सिंह उर्फ छोटू आदि शामिल है।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा शुक्रवार को भाजपा रांची जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में दौरा किया गया। इनमें जोजोडीह, दिसीपीड़ी, जाराडीह , कासमबुरूडीह एवं मुरपा के साथ ही कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर खूंटी लोकसभा भाजपा के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने हेतु लोगों से अपील किया गया। जनसंपर्क में मोदी कार्य की रिपोर्ट कार्ड दिखाते हुए लोगों को बताया गया कि किस प्रकार केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार गरीब, किसान, युवा,नारी शक्ति के मजबूती हेतु निरंतर कार्य को गति देने रहे हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों के आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के कारण भारत का मान नरेन्द्र मोदी सरकार ने बढ़ाया है। जनसंपर्क अभियान में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे भाजपा के प्रकाश सिंह मुंडा, मदन सिंह मुंडा, हरि सिंह मुंडा, रामेश्वर अहीर आदि शामिल थे।

## सेवानिवृत सूबेदार प्रेमचंद कुमार का स्वागत



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के महुआटीपा कुच्चू निवासी सूबेदार प्रेमचंद कुमार को सेवानिवृत होकर गांव लौटने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। बताया गया कि सूबेदार प्रेमचंद कुमार पिता स्व. तीर्थनाथ महतो भारतीय थल सेना मे 30 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए हैं। गुरूवार को गांव पहुंचने पर लोगों ने फुलमाला पहना कर स्वागत किया। वही बैंड बाजे के साथ उसके घर तक ले गए। स्वागत करने वालों में रणधीर चैधरी, भानुप्रताप, संदीप महतो, सतेंद्र महतो, ब्रजकिशोर महतो, झबुलाल महतो, महेश्वरी देवी, नागेश्वर महतो, रिंकू महतो, हरीश नीरज, शैलेश महतो, ऋतु कुमारी, रिया कुमारी, दक्ष पटेल, किरण पटेल सहित स्वजन व ग्रामीण शामिल थें।

## लोकसभा चुनाव ओरमांझी क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी या कांग्रेस वोटर स्वीप करेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** रांची लोकसभा में चुनाव में दोनो प्रमुख दल राष्ट्रीय पार्टी भाजपा कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने प्रत्यासी मैदान में उतार दिए हैं। भाजपा से सांसद संजय सेठ को दोबारा मौका मिला है। वहीं कांग्रेस ने नये व युवा प्रत्यासी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यषस्विनी सहाय को उतार कर क्षेत्र के मतदाताओं को चैका दिया है। क्षेत्र की जनता को पूर्व अनुमान था कि रांची लोकसभा से सुबोधकांत सहाय ही चुनाव लड़गें, इस बीच 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा से दूरी बना निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पूर्व सांसद रामटहल चैधरी के कांग्रेस का दामन थामने पर उनके समर्थक व क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता उत्साहित हो उठे थें। सभी को आषा ही नही पूर्ण विष्वास हो चला था कि इस बार कांग्रेस से रामटहल चैधरी ही चुनाव लड़ेगें। लेकिन कांग्रेस का चैकाने वाले निर्णय यषस्विनी सहाय के मैदान में उतारने के बाद कांग्रेसी कार्यकताओं में काफी निराषा देखी जा रही है। रामटहल चैधरी के कांग्रेस से इस्तिफा की घोषणा करने से पूर्व तक, रामटहल चैधरी के कांग्रेस का समर्थन देने मात्र से ही भाजपा कांग्रेस में कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही थी। लेकिन अब कांग्रेस कार्यकर्ता भी कांग्रेस का हार निष्चत बता रहे हैं। खासकर कांग्रेस के प्रमुख समर्थक व वोटर मुस्लिम मतदाताओं का मानना है कि इस बार कांग्रेस नें नये प्रत्यासी को उतार कर भाजपा का स्वीप करने का अवसर दे दिया गया है। वहीं कांग्रेस के कई मुस्लिम नेता यह कहने पर भी परहेज नही कर रहे हैं कि भाजपा संपर्क करे तो इस बार मुस्लिम वोट भी भाजपा को जा सकती है। यानि कांग्रेस के परंपराग वोटर भी भाजपा की ओर स्वीप कर सकते हैं। भाजपा से संजय सेट ने नामांकण कर लिया है। वहीं यषस्विनी सहया का नामांकण होना बाकि है। चुनावी प्रचार व जनसंपर्क अभियान के बाद स्थिति में परिवर्तन नही हुई तो वर्तमान परिस्थिति में भाजपा के संजय सेठ के 2019 से अधिक बहुमत से जीतने की संभावना जताई जा रही है। इधर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता व आमजन यषस्विनी सहाय को दमदार प्रत्यसी के रूप में देख जीत का दावा कर रहे हैं। अब चुनाव के बाद चार जून को ही पता चलेगा किसके दावे में कितने दम है।

# दहकते अंगारे पर चल शिव के प्रति भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** कुच्चू गांव में सात दिनों से चल रहे शिव महामंडा पूजा का शुक्रवार को समापन हो गया। सात दिनों से भगवान शिव की आराधना में डूबे शिव भक्तों ने झूलन कर दहकते अंगारे में चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर रात्रि जागरण में छऊ नृत्य का आयोजन हुआ। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने मंडा को झारखण्ड की संस्कृति और आस्था का परिचायक बताया। महादेव की आराधना से मन के विकार दूर होते है और आस्था को मजबूती मिलती है। छऊ नृत्य का मुकाबला हेमचंद्र महतो और सनत महतो के बीच काफी आकर्षक रहा। इस मौके पर बिगेश्वर महतो, सफीक अंसारी, गिलू बेदिया, कृष्णा महली, समिति के अध्यक्ष जयशंकर पाहन, सचिव रतीलाल महली, कोषाध्यक्ष हरिशंकर शाही मुंडा, मुखिया सहदेव बेदिया, बाली महली, सूरदास बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## सेंट्रल हॉस्पिटल डकरा से मरीज का बाइक हुई चोरी

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल से मरीज का मोटरसाइकिल चोरी कर चोर ले उड़े। जानकरी के अनुसार बसंती देवी गर्ब्म तुमांग हेसालोंग निवासी डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल ईलाज कराने अपने पड़ोसी का लड़का राज उराँव के साथ 24 अप्रैल को गए थे। हॉस्पिटल से ईलाज करा कर शाम छः बजे वापस खड़ा कर रखा बाइक के पास पहुँचे तो बाइक उक्त स्थान से गायब था। बाइक की खोजबीन बिन अपने अनुसार से दो चार दिनों तक करते रहे। लगातार खोजबीन करने के बाउजूद नही मिलने पर खलारी थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया गया।

## बजरंगबली मंदिर में राम रक्षा सूत्र का महाआरती के साथ नगर का नामकरण किया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी अतार्थ वरुथिनी एकादशी के दिन मंगलवार को हनुमानजी का विशेष पूजा अर्चना बजरंगबली मंदिर फैक्ट्री मंदिर मैदान में महाआरती किया गया। इस महाआरती में रामरक्षा सूत्र का महाआरती किया गया। उसके बाद खीर प्रसाद का वितरण कोय गया। वही मंदिर परिसर में एक बैठक किया गया। बैठक में मैक्लुस्कीगंज रेलवे लाइन फाटक से फैक्ट्री मैदान-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-जीरोमाइल रिजॉर्ट से लेकर वापस फाटक तक को श्री राम नगर के नाम का नामकरण किया गया। बैठक में पुरोहित शुशांत पाठक, जितेंद्र नाथ पांडेय, राजेन्द्र गिरि, विकास साहु, पंकज सिंह, नीतीश साहू, राजेंद्र साहू, विक्रम साहू, संजय गोराई, छोटन गोराई, राजा सोनी, रिशु कुमार, अंकित कुमार , अभिषेक कुमार, राजकुमार, रूपेश कुमार, कैलाश गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# परमात्मा हमारे हृदय में बसते हैं : रूद्र कृष्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** संडे बाजार छोटा क्वार्टर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में श्रीधाम वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य रूद्र कृष्ण महाराज ने राजा बलि की कथा श्रवण कराया गया जिसमें बावन अवतार का भी दर्शन कराया गया उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातें माननी चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होते हैं जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए कि अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा सत्संग हो कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छी आती है अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति अन्य विश्वास रखता है वही इस कथा सुनने के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भी महाराज जी से कथा सुन आशीर्वाद लिया उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के एक-एक शब्द अमृत के समान है इस कथा में आकर्षक झांकी का भी आयोजन किया गया है इस पूरे कथा को सफल बनाने में वहां के कमेटी काफी सक्रिय दिखी।

## बसरिया निवासी सहायक शिक्षक दीपक महतो हुए सेवानिवृत्त

**बोकारो/कसमार।** क्षेत्र नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद के सहायक शिक्षक व बसरिया गांव निवासी दीपक कुमार महतो का सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय पंसस विनोद कुमार महतो एवं घनश्याम महतो विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार दत्ता एवं अन्य लोगों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री दत्ता ने बताया कि शिक्षक दीपक कुमार महतो निर्बाध रूप से 24 बरसों की सेवा उपरांत सेवानिवृत हुए। विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रमिला देवी एवं संयोजिका मालती देवी सहायक शिक्षक नंदकिशोर नायक इरफान उल्लाह रोहित प्रसाद उमा कुमारी शशिभूषण मनोज कुमार पांडेय मनोज कुमार महतो गोपाल शर्मा प्रयाग महतो विनोद कुमार लीलावती रेनु देवी सीमा देवी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में अनिमा लकड़ा का किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** गुमला रोड स्थित भाजपा मंडल कर्यालय में बुधवार को भाजपा में शामिल हुई करमचंद भगत कॉलेज की शिक्षिका डा अनिमा लकड़ा का महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती देवी मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा व महामंत्री बलराम सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर व पट्टा देकर जोरदार स्वागत किया गया। वही स्वागत का आभार व्यक्त करते हुए अनिमा लकड़ा ने कहा केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीति व कार्यो के चलते जनता का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। आज किसी भी पार्टी के पास आज कोई मुद्दा नहीं बचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सपना पूरा करने के लिए संकल्प के साथ भाजपा में आयी हूं। मैं अपने नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाउंगी। उन्होंने कहा कुछ राजनीतिक दल विकास कार्यो में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगो से जनता सावधान रहें। मौके पर पवन साहू, अजय मुंडा, अजय दुबे, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, राजीव रंजन अधिकारी, समीर कुमार मुंडा, आदित्य ताम्रकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोयला व्यवसायी सीसीएल के सीएमडी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के कोयला व्यवसायी शुक्रवार को सीसीएल के सीएमडी एन के सिंह से मिले। सीएमडी से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सीसीएल के ढोरी, बीएंडके और कथारा एरिया के सभी परियोजना में लोकल सेल मे ई-ऑक्शन के माध्यम से कोयला बिक्री करने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिले। लोकल सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि कोयला से जूड़े सभी तरह के व्यापारी इसका लाभ लेकर रोजगार से जूड़े रहें। ई-ऑक्सन से कोयले का उठाव होने से सीसीएल को भी अधिक फायदा होता है। सीएमडी ने कोयला व्यवसायी की टीम से कहा कि लोकल सेल में पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध होने लगेगा। उन्होंने कहा कि कोयला व्यापारी को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर अभय कुमार सिंह,सुनील सिंह, मंटू सिंह, राजीव सिंह दीवान सिंह आदि मौजूद थे। एक अन्य समाचार के अनुसार एटक नेता सह जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो ने सीसीएल के सीएमडी एन के सिंह से मुलाकात कर मजदूर समस्याओ पर विचार विमर्श किया।

# मिट रहा ऐतिहासिक डाक बंगला कुएं का अस्तित्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो में अंग्रेजों के जमाने के वर्षो पुराने कुएं की स्थिति बदहाल, नहीं दे रहा कोई ध्यान जल जीवन हरियाली योजना के तहत पुराने कुओं के अस्तित्व को बचाना है, लेकिन बेड़ो में इस ऐतिहासिक कुएं की तरफ किसी का ध्यान नहीं। अंग्रेजों के जमाने के इस कुएं का अस्तित्व मिटने के कगार पर है।

### ऐतिहासिक कुएं के संरक्षण को लेकर अब तक नहीं हुई पहल

राजु कुमार सिंह ने कहा की जल जीवन हरियाली के माध्यम से पौधारोपण, तालाब एवं कुएं का जीर्णोद्धार कर संरक्षण करना है। लेकिन प्रखंड मुख्यालय स्थित अंग्रेजों के जमाने के पुराने चौकोना कुएं की स्थिति बदहाल हो गया है। जिसपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मृत हो रहे ऐतेहासिक कुएं व तालाब को जीवंत बनाने में प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दें रहे है। मामला जिला परिषद परिसर का है जो पहले डाक बंगला के नाम से जाना जाता था। यहां अंग्रेजों के जमाने के बने वर्षो पुराने हल्के लाल रंग का चौकोना कुएं का अस्तित्व मिटने के कगार पर है। मौजूदा स्थिति यह है कि यहां दुकानदारों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है। जिससे इसकी स्थिति बदहाल बनी हुई है। यह कुआं अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। अंग्रेजों द्वारा बनवाए गए इस कुएं के जीर्णोद्वार के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। हालात ये हैं कि कूड़े करकट में यह कुआं तब्दील होता जा रहा है। बेड़ो के लोगों का कहना है कि अंग्रेजों के जमाने में इस कुंए को बनवाया गया था। इसी कुएं के पानी अंग्रेज उपयोग करते थे। बाद में ग्राम वासी और बेड़ो के साप्ताहिक सोमवार और गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दुकानदार और बाजार आने वाले लोग इसी कुंए का पानी का उपयोग करते व पीते थे। प्रखंड मुख्यालय की धरोहर के रूप में इस कुएं की पहचान तो जरूर मिली, लेकिन यह आज अपनों की ही उपेक्षा का शिकार है। चुनावों के दौरान लंबी चौड़ी बात करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस पहचान के सौंदयीकरण के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इसको लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए तो यह कुआं इतिहास के पन्नों में ही दर्ज होकर रह जाएगा। पद्मश्री सिमोन उरांव ने कहा है कि यह कुंआ वर्षो पुरानी है। इस कुंए से चार दशक पूर्व तक बेड़ो बाजार आने वाले लोगों और गांव के लोगों की प्यास बुझती रही। धीरे-धीरे चापानल व नल जल योजना के कारण कुएं का उपयोग कम होते चला गया। इस कुएं का यथाशीघ्र जीर्णोद्धार होना चाहिए। समाजसेवी अशोक कुमार बैठा, सौमित्र शर्मा व सेवा निवृत्त शिक्षक नकुल राम महथा कहते हैं कि डाक बंगला कुआं बेड़ो की धरोहर है। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि इस कुएं का सौंदर्यीकरण करके धरोहर के रूप में संजोने का काम करें। कुएं की साफ-सफाई कराई जाए। आज भी लोग कुएं को देखने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उसकी हालत देख मायूस हो जाते हैं। कुएं की पहचान को बचाने के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। बेड़ो वासियों कहना हैं कि डाक बंगला कुआं उपेक्षा का शिकार है। इसकी बदहाली दूर करने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कूड़ा कचरा से कुएं को बदहाल बना दिया है,जो गलत है। जरूरत है कि इस कुएं की जो पहचान है, उसे बरकरार रखने के लिए इसका सौंदर्यीकरण कराया जाए। यही हाल रहा तो इस कुएं का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इस संदर्भ में पहल की जरूरत है नहीं तो आने वाले समय में प्रखंड की युवा पीढ़ी के लिए यह कुंआ सिर्फ किस्से में ही हुआ करेगा।

## एक नजर में

### पुलिस ने पालु जंगल से की शव बरामद

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पालु जंगल से ओरमांझी पुलिस द्वारा एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। लगभग 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव देखकर आंषका जताया जा रही है कि भटकर वह ओरमांझी थाना क्षेत्र पहुंच गया। भुखा प्यासा होने के कारण गर्मी में लू के चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनमा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। समाचा लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी है।

### हईवा और बाईक के आमने सामने टक्कर में एक युवक की मौत दूसरा घायल



**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के पंईका पूल के पास शुक्रवार को करीब 11 बजे दिन में प्लसर एनएस 160 मोटर साईकिल और हाईवा ट्रक जेएच05 डीओ3686 के बीच आमने सामने टक्कर होने से बाईक में सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए पुलिस को सूचना मिलने के बाद दोनो घायलो को इलाज के लिए रिम्स पहुंचाया गया जहां संजय कच्छप25 वर्ष की मौत हो गई मरने वाला युवक कोच बोंग का रहने वाला बताया गया है। जबकि घायल का नाम बंधन मुन्डा बताया गया है दोनों युवक पार्टनर थे और टेन्ट का काम करते थे। बाईक बिलकुल नया था जिसमें अभी नम्बर प्लेट भी नहीं लगा था।

### पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने इटकी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया

**इटकी।** पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को इटकी प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मतदाताओं से लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान प्रखंड के टूरगुरू, बेलचान टोली, रानीखटंगा, चिनारो पूरियो, डोला, सुगदा, कुल्ली, भंडारा सहित अन्य गांव में चलाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, संजय सहारा, राजकुमार महतो, सुधीर प्रधान, झरिया कुजूर सहित अन्य शामिल थे। जल समस्या के समाधन के लिए कॉउंसिल के एनके एरिया अध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने एनके महाप्रबंधक को दिया पत्र

### जल समस्या के समाधन के लिए रविन्द्र पासवान ने एनके महाप्रबंधक को दिया पत्र

**खलारी।** ऑल इंडिया एसटी एससी ओबीसी कॉउंसिल के एनके एरिया अध्यक्ष रविन्द्र पासवान ने प्रखंड क्षेत्र में जल समस्या को लेकर सीसीएल एनके महाप्रबंधक को पत्र दिया है। पत्र में खलारी प्रखंड मोहननगर, करकट्टा, तुमांग, महावीर नगर, दुल्ली, केदल, पियारटांड़, जेहलीटांड सहित विभिन्न पंचायतों के गांवों में जलमीनार के द्वारा पानी की आपुर्ती ठप हो गई है। साथ ही कई जगहों पर बारिंग भी फेल हो गया है। ग्रामीणों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। मई-जून के माह में पेयजल की स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी। पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया कि उपरोक्त गांवों में सभी जलमीनारों का सर्वे कर उसे ठीक कराने के प्रति सकारात्मक पहल किया जाए। वही सीसीएल के विस्थापित एवं प्रभावित गांवों में टैंकर के माध्यम पानी की व्यवस्था किया जाए। साथ ही कहा गया कि जल संकट को गंभीरता से लिया जाए तथा इसका समाधान किया जाए। जिसके लिए एसटी एससी ओबीसी काउंसिल तथा समस्त विस्थापित ग्रामीण आपका आभारी रहेगा।

### आगामी चुनाव में पंचायत प्रभारियों की घोषणा झामुमों ने किया

**खलारी।** झामुमो खलारी के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पंचायत प्रभारियों की घोषणा किया गया। झामुमो खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को खलारी प्रखण्ड से अधिक से अधिक वोट दिलाया जा सकें और हमारे इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी मर्तो से विजय हासिल कर सके इसके लिए पुरी तरह से रणनीति तैयार की जा रही है। झामुमो ने पंचायतवार प्रभारियों की घोषणा की है। जिसमें लपरा पंचायत के लिए जैनुल खान, रंथु उराव, तुमौंग पंचायत के लिए महेन्द्र चौहान, विशाल पासवान, मायापुर पंचायत के लिए मुकेश यादव, कलमतिया भोगता, हुटाप पंचायत के लिए कलाम रिजवी, सुर्य सिंह, विश्रामपुर पंचायत के लिए चितरंजन सिंह, गौव सिंह (बिरू), बुकबुका पंचायत के लिए राजेश गोप,खलारी पंचायत के लिए शम्भू दास, राजेश गोप, चुरी दक्षिणी पंचायत के लिए सुनील यादव,अरूण यादव, चुरी मध्य पंचायत के लिए राजेश प्रसाद, सुधीर चौहान, चुरी पश्चिमी पंचायत के लिए सुभाश प्रजापति, कमलेश चौहान, चुरी उत्तरी पंचायत के लिए राजकुमार गंझू, प्रमोद पासवान, चुरी पुर्वी पंचायत के लिए अजय पासवान, राय पंचायत के लिए रंथु उरांव, बमने पंचायत के लिए शिवनाथ मुंडा को पंचायत प्रभारी बनाया गया है।

### बीएसएल में आईएसओ 50001 : 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का सवेर्लेंस ऑडिट

**बोकारो।** बोकारो स्टील में तीन दिवसीय ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के सवेर्लेंस ऑडिट आईएसओ 50001: 2018 कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक ऊर्जा प्रबंधन विभाग गुलशन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक टीम लीडर कौशिक चक्रवर्ती और सदस्य विकास गुप्ता के द्वारा सवेर्लेंस ऑडिट किया जा रहा है। महाप्रबंधक बिजनेस एक्सीलेंस अनुपमा तिवारी ने लेखा परीक्षकों का स्वागत किया। सीजीएम गुलशन कुमार ने ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली तथा सवेर्लेंस ऑडिट के महत्व के बारे में बताया। आईएसओ 50001: 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट के सीओ एवं सीसी सिंटर प्लांट ब्लास्ट फर्नेस हॉट स्ट्रिप मिल ऊर्जा प्रबंधन विभाग डीएन डब्ल्यू आई एंड ए ईटीएल सामग्री प्रबंधन और मानव संसाधन विभाग का सवेर्लेंस ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिट कार्यक्रम, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित और समन्वित किया जा रहा है।

### श्रमिकों का विश्वास कभी कमजोर नहीं होने दूंगा: अनूप

**बेरमो।** पूरे सीसीएल में अधिकांश श्रमिक संगठनों का सदस्यता शुल्क चेकअप सिस्टम के आधार पर काटा जाता है। इंटक के आपसी विवाद के कारण सीसीएल में इंटक से संबंध आर सी एम एस पर चार गुटों के द्वारा आर सी एम एस पर दावा किया जाता रहा है। लेकिन 27 मार्च 2022 को अनुप बाबू के नेतृत्व में चलने वाला संगठन आर सी एम एस के जगह आर सी एम यू संगठन के नाम से नया निबंध हुआ जिसका एफीलिएशन इंटक के द्वारा मिला। मजदूरों का विश्वास नए संगठन पर भी कायम रहा। वर्ष 2023 के चेकअप सिस्टम के आधार पर श्रमिकों का सदस्यता शुल्क काटा गया। पूरे सीसीएल में आरसीएमयू की सदस्य संख्या 6664 सदस्यों की हुई। जो पूरे सीसीएल में एटक एसएमएस बीएमएस के चलने वाले संगठन से इंटक से संबंध आरसीएमयू की सदस्य संख्या सबसे ज्यादा हुई।जिससे पूरे सीसीएल में पहला स्थान एक नंबर संगठन होने का दर्जा आरसीएमयू संगठन को प्राप्त हुआ। इस संबंध में बेरमो के लोकप्रिय विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा श्रमिकों का विश्वास संगठन का रीड है। इसे हर हाल में आगे बढ़ाना है। श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिए संगठन कटिबंध है श्रमिकों के मौलिक अधिकार की रक्षा होगी श्रमिकों के हक और अधिकार के लिए संगठन हमेशा प्रयत्नशील है। इस संदर्भ में कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव व विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस ने कहा पूरे सीसीएल में पहला श्रमिक संगठन का स्थान प्राप्त होना संगठन के लिए अत्यंत ही गौरव है। वही कथारा क्षेत्र में भी राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का स्थान सबसे बड़े श्रमिक संगठन के तहत संगठन का स्थान है। संगठन के पदाधिकारी श्रमिकों के हर सुख-दुख में शामिल होकर संगठन के परिवार होने का कर्तव्य का बोध कराते हैं।

## पाक पर चीनी दबाव

कभी चीन और पाकिस्तान की दोस्ती को हिमालय से ऊंचा बताने वाले पाकिस्तानी आज चीन और पाकिस्तान की दोस्ती को शक भरी निगाहों से देख रहे हैं। पाकिस्तानियों को लग रहा है कि चीन से पाकिस्तान की दोस्ती लंबी नहीं चलेगी। इसकी वजह चीन की खबर है। जैसे ही चीन ने पाकिस्तान से बकाया मांगना शुरू किया पाकिस्तानी चीन से दोस्ती को भूल गए। जिनपिंग ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बकाया वसूली का अल्टीमेटम दे दिया है। जिनपिंग ने शहबाज से कहा है कि वो पाकिस्तानी बिजली कंपनियों का बकाया लौटा दे। चीन की बिजली कंपनियों का पाकिस्तान पर 550 अरब रुपये बकाया है। पाकिस्तान कंगाली की वजह से इस बिल का भुगतान नहीं कर पाया है। अब चीन के अल्टीमेटम के बाद टेंशन में आए शहबाज शरीफ भागे-भागे बीजिंग जाने वाले है। इससे पहले भी चीन की कंपनियां पाकिस्तान को ब्लैकआउट करने की धमकी दे चुकी है। बकाया न मिलने पर अगर चीन की कंपनियों ने बिजली की आपूर्ति बंद कर दिया तो पाकिस्तान का हाल बेहाल हो सकता है। चीन की कंपनियों ने बिजली देनी बंद कर दी तो पाकिस्तान ठप्प पड़ जाएगा। वैसे पाकिस्तान सूई से लेकर जहाज तक हर चीज को लेकर चीन पर निर्भर है। सीपैक पर भी चीन पाकिस्तान से ठगा महसूस कर रहा है। इसके बाद चीन की कंपनियां पाकिस्तान से भाग रही हैं। चीन ने पाकिस्तान को 67 अरब डॉलर का कर्ज भी दिया है। सीपैक के नाम पर बड़ा निवेश किया है। लेकिन अब पाकिस्तान में चीन के नागरिकों की जान भी सुरक्षित नहीं। साफ है कि पाकिस्तान में इतने ज्यादा पैसे डूबने से नाराज चीन अब उससे अपनी पाई पाई वसूल करना चाहता है। पाकिस्तान की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है और वह दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है।

## श्रम कानून में बदलाव

दरअसल, तर्क है कि सरकार न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी है। तर्क है कि कानून श्रमिकों की पेशागत सुरक्षा को प्राथमिकता देती है जो काम करने का बेहतर वातावरण बनाने और आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेंगे। साथ ही सुधार कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करेंगे। तर्क यह भी है कि इससे लालफीताशाही और इंस्पेक्टरी राज पर अंकुश लगेगा। ये सुधार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे का विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। कहा जा रहा है कि देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अब सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। उनका वेतन डिजिटल माध्यम से भुगतान करना होगा। साल भर में श्रमिकों का हेल्थचेकअप करना भी अनिवार्य किया गया । सरकार का कहना है कि वह प्रवासी श्रमिकों का डेटा बैंक तैयार कर रही है तथा व्यवस्था की जा रही है कि प्रवासी मजदूरों को मूल निवास जाने के लिये साल में एक बार यात्रा भत्ता दिया जाये। पहले किसी कंपनी में दुर्घटना होने पर जुमार्ने की जो राशि सरकार के खाते में जाती थी, अब नये कानून में जुमार्ने की आधी राशि पीड़ित को देने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और कई श्रमिक संगठन इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने भी कानून बनाने में जल्दी करने पर सवाल उठाये हैं। लेकिन सुधारों का प्रभाव और समय को लेकर भले हम आलोचना करें लेकिन इन नीतियों के प्रभाव हमें अगले वित्तीय वर्ष में ही देखने को मिलेंगे। देश में निजी क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और श्रमिक-नियोक्ता तनाव के बीच यह कानून व्यापकता लिये हुये है लेकिन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन अभी शेष है।

# आखिर इस फर्क को समझना होगा






-रमेश शर्मा

एयर स्ट्राइक के दौरान जब विंग कमांडर अभिनंदन पाकिस्तान में गिरफ्तार हो गये तब भारत सरकार का यह दबाव ही था पाकिस्तान ने केवल साठ घंटे के भीतर सम्मान वापस किया। बाद में अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में कहा गया कि यदि पाकिस्तान विंग कमांडर अभिनंदन को रिहा न करता तो भारत ने पाकिस्तान पर आक्रमण की पूरी तैयारी कर ली थी। वहीं पाकिस्तान की जेल में जब सरबजीत सिंह की क्रूरता पूर्वक हत्या की गयी, तब भारत में मनमोहन सिंह की सरकार थी। दोनों सरकारों का यह बड़ा फर्क समझना होगा।

**सरबजीत सिंह** वो निर्दोष भारतीय नागरिक था, जो नशे की हालत में धोखे से पाकिस्तान की सीमा में चला गया। वहां जेल में कठोर यातनाएं देकर कैदियों ने उसकी हत्या कर दी। ...और शव भारत आया तो उसके शरीर के सभी आंतरिक अंग गायब थे। किसी भी सरकार की विदेश नीति और नेतृत्व कैसा होना चाहिए। कहां मानवीय पक्ष को प्राथमिकता हो कहां सख्त तेवर दिखाये जाएं ये दोनों उदाहरण भारत की विभिन्न सरकारों की कार्यशैली में देखने को मिलते हैं। एक उदाहरण निर्दोष नागरिक सरबजीत सिंह का है जो धोखे से पाकिस्तान चला गया। उसे बंदी बनाकर जेल भेज दिया गया जहां तेईस वर्षों तक जेल में कठोर यातनाएं देकर कैदियों ने मार डाला और भारत सरकार केवल विरोध पत्र लिखने के अतिरिक्त कुछ न कर सकी ।

भारत का ही दूसरा उदाहरण विंग कमांडर अभिनंदन का है, जो एयर स्ट्राइक के लिए विमान लेकर पाकिस्तान सीमा में गए थे। बंदी बनाए गये लेकिन यह भारतीय नेतृत्व का दबाव था कि केवल 60 घंटों में ही पाकिस्तान ने अभिनंदन को ससम्मान भारत वापस भेज दिया । जिन दिनों सरबजीत पाकिस्तान की जेल में था तब भारत में हर दल की सरकार रही । सबसे लंबी दो सरकारें कांग्रेस की रहीं। पहले प्रधानमंत्री नरसिंहराव की और फिर दस वर्ष मनमोहन सिंह की सरकार रही। ...पर सरबजीत की भाग्य न बदला । पाकिस्तानी जेल में उसे सतत यातनाएं मिलीं । सरबजीत सिंह का जन्म पंजाब के तरनतारन जिला अंतर्गत गांव भीखीविंद में हुआ था । यह एक किसान परिवार था लेकिन पिता सुलक्षण सिंह ढिल्लो अपने गांव से दूर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में नौकरी करने लगे । मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर सरबजीत गांव लौट आए और खेती करने लगे । अपनी आय बढ़ाने के लिए एक ट्रैक्टर खरीदकर भाड़े पर दूसरे गांवों में भी खेती करने लगे। 1984 में विवाह हुआ और दो बेटियों के पिता बने । जीवन खुशी से बीतने लगा । समय के साथ उन्हें शराब पीने की आदत लग गई और यही आदत पूरे घर का सुख चैन और उनकी जान ले बैठी ।

वो 28 अगस्त 1990 का दिन था। वे पाकिस्तान सीमा से लगे गांव में भाड़े पर ट्रैक्टर चला रहे थे । शाम को काम समाप्त कर शराब पी, भोजन किया शाम को लौटने लगे । तब सीमा पर तार की बाड़ नहीं लगी थी । सरबजीत नशे में रास्ता भटक गए और पाकिस्तान सीमा में घुस गए । पाकिस्तानी सेना ने पकड़ लिया । उनपर जासूसी का आरोप लगाकर सात दिन प्रताड़ना दी गई। उनपर आरोप लगाया गया कि वे सरबजीत सिंह नहीं मंजीत सिंह हैं। पाकिस्तान में इस नाम से एक एफआईआर थी। सेना ने इसी नाम से अदालत में पेश किया और आरोप लगाया कि आरोपी सही नाम नहीं बता रहा। अदालत में उन्हें भारतीय गुप्तचर संस्था रॉ का एजेंट बताकर लाहौर, मुल्तान और फैसलाबाद बम धमाकों का आरोपी भी बनाया गया। इन आरोपों पर अदालत ने अक्टूबर 1991 में उन्हें फांसी की सजा सुना दी ।

सरबजीत सिंह के परिवार ने भारत सरकार से भी संपर्क किया और मानवाधिकार संगठनों से भी । प्रमाण के साथ बताया गया कि वे मंजीत सिंह नहीं सरबजीत सिंह हैं। लिखा-पढ़ी आरंभ हुई । भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने पत्र भी लिखे । इससे फांसी की सजा टलती रही पर सरबजीत रिहा न हो सके । 1990 से 2013 तक यद्यपि भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारें रहीं। कांग्रेस के नेतृत्व में नरसिंहराव सरकार, मनमोहन सिंह सरकार और भाजपा नेतृत्व में अटलजी की सरकार । लेकिन ये सभी सरकारें राजनीतिक अस्थिरता के दौर में रहीं और पाकिस्तान सरकार पर कोई दबाव नहीं बना सकीं। इसका पूरा लाभ पाकिस्तान ने उठाया ।

1990 से लेकर 2013 तक भारत में न केवल निर्दोष सरबजीत सिंह पर क्रूरता हुई अपितु पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाएं भी बढ़ीं । पाकिस्तान ने अनेक झूठ रचे । फर्जी दस्तावेज तैयार किए। ऐसे गवाह भी खड़े किए कि सरबजीत सिंह ही असली मंजीत सिंह है । और वह खुशी मोहम्मद के नाम से पाकिस्तान में आया था । 2005 में एक दावा तो यह भी किया कि सरबजीत सिंह उर्फ मंजीत सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है । इस खींचतान और लिखा-पढ़ी के बीच फांसी की सजा तो टली पर सरबजीत सिंह को रिहाई न मिली । रिहाई की उम्मीद और फांसी की आशंका के बीच सरबजीत सिंह लाहौर सेन्ट्रल जेल में यातना सहते रहे ।26 अप्रैल 2013 को लाहौर जेल के कुछ कैदियों ने सरबजीत सिंह पर हमला बोल दिया। रीढ़ की हड्डी सहित उनके शरीर की कई हड्डियां टूट गईं। बहुत गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया । वे कोमा में थे। हॉस्पिटल में उन्हें वेंटीलेटर पर रखा । 29 अप्रैल 2013 को भारत सरकार ने एक बार फिर पकिस्तान से रिहा करने की अपील की, जिसे पकिस्तान सरकार ने खारिज कर दिया । एक मई 2013 को जिन्ना अस्पताल के डॉक्टरों ने सरबजीत सिंह को ब्रेनडेड और 2 मई 2013 को मृत घोषित कर दिया । उनका शव भारत आया । भारत में शव का पोस्टमार्टम हुआ । भारतीय डॉक्टर यह देखकर आश्चर्य चकित रह गए कि उनके शरीर के अधिकांश मुख्य अंग निकाल लिए गए थे। क्यों निकाले इसका उत्तर कभी न मिला और न पाकिस्तान ने स्वीकार किया। सरबजीत सिंह के परिवार को पंजाब और केंद्र सरकार ने आर्थिक सहायता दी और पंजाब में तीन दिन का शोक भी घोषित हुआ पर सरबजीत सिंह के प्राण के साथ भारत की प्रतिष्ठा भी न बच सकी ।

इस संदर्भ में वर्ष 2019 की उस घटना उल्लेख संभवतः उचित होगा जब एयर स्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन पाकिस्तान में गिरफ्तार हो गए तब भारत सरकार का यह दबाव ही था पाकिस्तान ने केवल साठ घंटे के भीतर सम्मान वापस किया । बाद में अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में कहा गया कि यदि पाकिस्तान विंग कमांडर अभिनंदन को रिहा न करता तो भारत ने पाकिस्तान पर आक्रमण की तैयारी कर ली थी । पाकिस्तान की जेल में जब सरबजीत सिंह की क्रूरता पूर्वक हत्या हुआ तब भारत में मनमोहन सिंह की सरकार थी।

### खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

बिंदिशा सारंग

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ' एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

## मिथिला प्रस्थान

### धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस


**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्वारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।

**अहिल्या उद्धारः** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं । आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

### कॉर्टून वर्ल्ड

कैसी विदाई




### लेटर टू एडिटर

#### कानून से असुरक्षा

श्रम कानून के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **–रमन कुमार, रांची**

#### नशे का प्रभाव


**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।


**– रविन्द्र कुमार, हजारीबाग**

**विपदा** में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
**– अमिताभ बच्चन**

### आपके ट्वीट

ज्ञान अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं।अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सद्ग्रन्थों का नित्य पारायण करें।पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !
**– अवधेशानंद गिरी**





हम प्रदेश के सभी जरूरतमंद परिवारों को पेंशन, रोटी, कपड़ा, मकान एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने में सफल हुए हैं, सिर्फ उस जानकारी को हर परिवार तक पहुंचाने से हमारे प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो जायेगी। **– चंपई सोरेन**

## इंटरनेट के माध्यम से देश में रोजगार और विकास

### सामयिक

**भारत** सहित दुनिया के इतिहास में बीते तीन दशक इस लिहाज से खासे अहम हैं कि इसने व्यक्ति, अभिव्यक्ति और सभ्यता के साझे बूते के साथ आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया और आशय को ही बदल दिया। दिलचस्प यह कि यह सब जिस तेजी के साथ घटित हुआ उसके पीछे तकनीक की वह संजालीय ताकत है, जिसे हम इंटरनेट कहते हैं। दुनिया के बाकी हिस्सों के मुकाबले भारत में इस बदलाव का खास मतलब इसलिए है क्योंकि यहां समाज और संस्कृति का बहुलतावादी अस्तित्व पारंपरिक तौर पर कायम रहा है।

**इंटरनेट के ढाई दशक**

इंटरनेट ने भारत में 25 साल पूरे कर किए हैं। आज इंटरनेट इस्तेमाल करने के मामले में हमारा देश दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दरअसल, बीते ढाई दशक से भारत जिस तरह डिजिटल मोड में आता गया है, उसमें बड़ी भूमिका निभाई है कंप्यूटर ने। कंप्यूटर से हमारा परिचय उदारीकरण के दौर से पहले का है। यह परिचय अपवाद से तब आम व्यवहार का हिस्सा बना जब 15 अगस्त 1995 को भारत को इंटरनेट का तोहफा मिला। विदेश संचार निगम ने देश का पहला इंटरनेट कनेक्शन दिया। 2010 तक आते-आते स्मार्टफोन की आमद ने हमारी निजी और सार्वजनिक दुनिया को एक साथ नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

आज आलम यह है कि देश में 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह हमारे लिए पानी या आक्सीजन की तरह जरूरी हो गया है। बदलाव की यह प्रक्रिया हमारे जीवन को कई स्तरों पर बदल रही थी। लेखन से लेकर अभिव्यक्ति और मनोरंजन की दुनिया के हिस्से यह बदलाव जिस रूप में आया, वह तो दंग कर देने वाला है। एक सामान्य समझदारी के लिए हम कह सकते हैं कि मानव सभ्यता का 21वीं सदी में दाखिला उस आभासलोक में उतरने जैसा है, जो कहने को तो हमें पूरी दुनिया से एक माउस या एक क्लिक के साथ जोड़ देता है पर वास्तव में यह जुड़ाव संवेदना और सामाजिकता की दुनिया में एक व्यक्ति को किस तरह नितांत अकेला करता गया है, यह आज हम अनुभव कर सकते हैं।

**कोरोना और ओटीटी**

इस साल के दूसरे-तीसरे महीने से कोरोना का कहर हमारे आसपास पहुंच चुका था। टीवी धारावाहिकों और सिनेमा हॉल में जाकर फिल्म देखने के शौकीन आज वेब सीरीज या ओटीटी (ओवर द टॉप)पर रिलीज होने वाली फिल्मों की बात कर रहे हैं। यह एक बड़ा बदलाव है। 2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ह्यओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं। लेट्सओटीटीग्लोबल डॉट कॉम की मलेशिया स्थित संपादक डॉ. सुनीता कुमार बताती हैं कि भारत में साल-डेढ़ साल पहले 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म थे, लेकिन अब इनकी संख्या दोगुनी होकर 80 से भी ज्यादा हो गई है। बदलाव का यह संजाल हमें आगे और कहां ले जाएगा यह कहना मुश्किल है। हां, एक बात जो मौजूदा स्थिति में कही-समझी जा सकती है वह यह कि इस बदलाव के साथ अभ्यस्त होने से ज्यादा जरूरी है इसके प्रति सचेत होना। यह सचेत भाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे कहीं न कहीं मनुष्य की वह नियति तय होगी जिसमें यह तारीखी तौर पर जाहिर होगा कि मनुष्यता पर अगर तकनीक इस कदर हावी हो जाए कि अनुभव और अभ्यास की उसकी रचनात्मकता बड़े पैमाने पर आभासी दुनिया में तैरने लगेगी।

## आधुनिक जीवन शैली की देन है रात में नींद न आना

### स्वास्थ्य

सुधांशु कुमार

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

**बिस्तर से दूर करता दफ्तर**

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।

अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

**शारीरिक गतिविधि**

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बहुत जरूरी है। अपनी सेहत और रुचि के हिसाब से कोई भी शारीरिक गतिविधि चुन लें। अगर वक्तनिकाल सकते हैं तो सुबह और शाम दोनों की सैर करें। जो लोग दौड़ सकते हैं वो तो ऐसा करें ही। किसी एक व्यायाम को चुन लें और उसे हफ्ते में कम से कम पांच दिन जरूर करें। शुरूआत में व्यायाम हल्का ही रखें और धीरे-धीरे क्षमता बढ़ाते चलें। अगर नृत्य का कोई रूप पसंद हो तो वो भी एक बेहतरीन कसरत है। नृत्य शरीर के साथ दिमाग को भी तनावमुक्त करता है। लेकिन अपने शरीर को इतना भी न थका लें कि सारी रात दर्द से ही नींद न आए।

**खानपान पर भी दें ध्यान**

अगर आपको अनिद्रा की शिकायत है तो किसी भी तरह के नशे से दूर रहें। नशा करके नींद लाना सेहत के लिए सबसे नुकसानदेह होता है। शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें। नींद की समस्या ज्यादा परेशान कर रही है तो डॉक्टरी सलाह जरूर लें ।

स्पीड न्यूज

## सेल संचालन समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती में शुक्रवार को सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दयानंद प्रसाद एवं संचालन अंबर कुमार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आरए माइनिंग और पीएसएमई दोनों आउटसोर्सिंग कंपनी में सौंदा बसती सरैया टोला के बेरोजगार ग्रामीणों को शत प्रतिशत रोजगार दिलाने को लेकर आंदोलन तेज किया जायेगा। नरेश प्रसाद नाम के व्यक्ति को चोर दरवाजे से नौकरी आरए माइनिंग में लगवाई गई थी उसे तत्काल हटाया जायेगा। कहा गया कि महिला समूह को रोड सेल में प्राथमिकता दी जाएगी । बैठक में कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद, संरक्षक बासुदेव साहू, सुजीत कुमार उर्फ डब्लू, नरेंद्र प्रसाद, हरिहर प्रसाद, गुलशन कुमार, संदीप कुमार, तिलेश्वर साहू, सुमित कुमार, संजय कुमार, राजीव प्रसाद, अभिषेक कुमार, मुकेश करमाली, नंदू गिरी, राजकुमार, बादल बाउरी, राजू, मानिक, विशाल, कृष्ण, उपेंद्र आदि मौजूद थे।

## हॉस्टल में रहनेवाले बच्चे की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित एक स्कूल के हॉस्टल में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले 5वीं क्लास के छात्र की शुक्रवार को मौत हो गयी। बताया जा रहा है की छात्रावास में रह रहे सभी बच्चे रोज की भांति शुक्रवार को सुबह उठे। जिन्हें पीटी व गिनती के लिए ग्राउंड भेजा गया। उसी दौरान 5वीं क्लास का छात्र आर्यन गिर गया। इसके बाद वार्डन और वहां मौजूद छात्र पहले उसे झारखंड अस्पताल ले गए। जहां से उसे दूसरे अस्पताल जाने को कहा गया। इसके बाद वे फिर रांची रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पहुंचे। वहां डॉक्टर ने शरीर में कोई हरकत नहीं होने की बात कही और सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

## समिति ने ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के नव गठित संचालन समिति ने शुक्रवार को पानी सप्लाई और ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य सहित पटेलनगर, सुंदरनगर, भुरकुंडा, जवाहर नगर और कुरसे पंचायत के मुखिया व प्रतिनिधि उपस्थित थे।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति के लिए नई संचालन समिति का गठन किया है। जो 1 मई से अपना कार्यभार संभाल लिये हैं। इसी कड़ी में पटेलनगर ट्रीटमेंट प्लांट, हुरूमगढ़ा पानी टंकी और दामोदर नदी स्थित पानी सप्लाई मोटर हाउस का हैंड ओवर समिति को किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा निरीक्षण कर जानकारी ली गई की जलापूर्ति के लिए प्लांट में क्या-क्या उपकरण और व्यवस्था वर्तमान समय में उपलब्ध है। मौके पर मुखिया संदीप उरांव, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, उपमुखिया अजय तुरी, जवाहर नगर के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, पटेलनगर के मुखिया प्रतिनिधि रौशन नायक, जल सहिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, छोटू, पानी सप्लायर शिव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## बड़गांव में महिला को बंधक बना लूटपाट



**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी के बड़गांव में अपराधियों ने गुरूवार की रात महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। मामले की सूचना के बाद पुलिस छानबीन कर रही है। इस संबंध में लीला देवी ने बताया की वह घर पर अकेली थीं। उनके पति सीसीएलकर्मी थे। जिनका निधन हो चुका है। दो बच्चे हैं जो बाहर में पढ़ाई कर रहे हैं। महिला ने बताया की गुरूवार की रात 10-12 की संख्या में आए अपराधियों ने घर का मेन गेट तोड़ दिया। इसके बाद लीला देवी को बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया और लाखों के जेवरात और नकद लेकर भाग निकले। अपराधी घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए। घटना के बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लीला देवी के अनुसार जब गुरूवार रात को उनकी उनकी नींद खुली तो देखा की कुछ लोग घर में दाखिल हुए हैं। बताया कि अपराधियों ने उन्हें पिस्तौल की नोक पर एक कमरे में बंद कर दिया। बताया की अपराधियों ने अपने मुंह पर गमछा बांध रखा थां। बताया कि अपराधी उनके घर से लाखों के जेवरात व नकद ले भागे। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जयराम महतो को चुनाव से दूर रखने की हो रही साजिशः संजीव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को चुनाव से दूर रखने के लिये राजनीतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। गिरिडीह लोकसभा में टाइगर जयराम महतो की लोकप्रियता से घबराकर विपक्षी दल के नेता प्रशासन का सहारा लेकर उन्हें चुनाव ना लड़ने दिया जाए इसके लिए तरह-तरह साजिशे की जा है। उक्त बातें मोर्चा के वरिष्ठ नेता संजीव साहू ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा साफ होती तो इस केस के संबंध में पूर्व में ही नोटिस दिया गया होता है। मगर नामांकन से पहले किसी प्रकार की जानकारी प्रत्याशी को नहीं दी गई और राजनीतिक षड्यंत्र के तहत नामांकन के दिन ही नन बैलेबल वारंट लेकर पुलिस प्रशासन जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए आ जाती है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि प्रशासन राज्य सरकार और केंद्र सरकार के दबाव में आकर काम कर रही है । श्री साहू ने कहा इस लोकतंत्र के महापर्व में जनता के बीच जनता के पास जाकर विश्वास जीतकर जीत हासिल की जाती है ना की षड्यंत्र कर जीतने वाले प्रत्याशी को चुनाव से दूरकर रखकर जीत हासिल की जाती है। संजीव साहू ने कहा जयराम महतो चुनाव न लड़ सके इसके लिये प्रयास किया जा रहा है या फिर षड्यंत्र कर नॉमिनेशन रद्द करवाने करने की कोशिश चल रही है। अगर ऐसा होगा तो प्रशासन से लेकर विपक्षी प्रत्याशी को मुंहतोड़ जबाब दिया जाएगा।

### जायसवाल ने चरही, चुरचू और आंगो के 27 गांवों का किया दौरा, कहा

# फिर एक बार बनाएं मोदी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा (एनडीए समर्थित) प्रत्याशी मनीष जायसवाल मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान में पहुंचने पर भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया । जायसवाल ने इस क्षेत्र के टूटकी, किमो, चोय, उदलू, आंगो, ओरिया, नगड़ी, चुरचू, बोदरा, चीचीकलां, सरवाहा, चनारो, बहेरा, कजरी, फुसरी, चरही मंडाटांड़, इंदरा, जरबा, दासोखाप, मुकरू, हरहद, नीमाडीह, कारूखाप, हेंदेगढ़ा, कवाड़बंदा, वाकाडीह सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क के माध्यम से आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 62 साल में पीएम मोदी का पिछला 10 साल भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल में जी हिंदुस्तान को पाकिस्तान और चीन आंख दिखाते थे वो हिंदुस्तान का डंका वर्तमान समय संपूर्ण विश्व में गूंज रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की श्रेणी में ऊंचे स्थान पर हैं। देश आगे बढ़ रहा है और देश में रहने वाले गरीब परिवार को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। मनीष जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प लें इसबार और फिर एक बार बनाएं मोदी सरकार। मौके पर विशेषरूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेत रंजीत सिन्हा, पुरुषोत्तम पांडेय, तोकेश सिंह, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष वकील महतो, भाजपा डांडी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा मांडू मंडल महामंत्री रवि साहू, आजसू के हजारीबाग विधानसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, आजसू चूरचू प्रखंड अध्यक्ष गोविंद महतो, जदयू विधानसभा के प्रभारी दुष्यंत पटेल, चूरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, भाजपा के चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, रंगीला महतो, इंद्र कुमार पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मांडू में 67 लाख के जेवरात जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** मांडू थाना के समीप शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जांच के लिए बने चेकनाके में तैनात टीम में शामिल दंडाधिकारी दीपक कुमार व एएसआई निशिकांत शर्मा ने सोने चांदी के जेवरात रखी सात पेटियों को ले जा रहे डिलीवरी वाहन से जब्त किया। जेवरात की कीमत 67 लाख रूपए आंकी जा रही है। उपायुक्त चंदन कुमार के मुताबिक मामला आयकर से जुड़ा हुआ है। आयकर विभाग द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच होने तक जेवरात और डिलीवरी वाहन को मांडू थाना में रखा गया है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मामला क्या है। डिलीवरी वाहन के सुरक्षा गार्ड के आलोक सिंह के अनुसार वाहन पर जेवरात रांची एयरपोर्ट में रखा गया। बताया की वह ऑर्डर के अनुसार हजारीबाग के अलग अलग दुकानों को जेवरात की सप्लाई करने जा रहा था। बताया जा रहा है कि जेवरात में टैक्स की चोरी की क्या कोशिश हो रही थी इसकी जांच आयकर अधिकारी कर रहे हैं।

## पूजा कमेटी से निष्कासित करना उचित नहींः राजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा कमेटी रीवर साइड ने बिना सूचना दिये मुझे संरक्षक पद से निष्कासित कर दिया है जो उचित नहीं है। इससे मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंचा है। उक्त बातें सरहुल पूजा के कमेटी के सरंक्षक राजन करमाली ने शुक्रवार को कही।

उन्होने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सरहुल पूजा और जुलूस धूमधाम से निकाला गया। सरहुल मे बढ़ती झांकी, जुलूस को देखते हुए जुलूस मिलन स्थल न्यू बैरक से स्थानांतरण कर भुरकुंडा थाना मैदान में किया गया।

# गरीबों के लिए श्राप है भाजपा सरकार : उमाशंकर अकेला

**कांग्रेस प्रत्याशी पटेल के पक्ष में विधायक पहुंचे भुरकुंडा**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव शुक्रवार को भुरकुंडा पटेलनगर स्थित कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के कार्यालय पहुंचे। जहां यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे, केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने विधायक श्री अकेला का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर बरही विधायक अकेला यादव ने कहा कि लोक उपक्रम और संविधान की रक्षा व महंगाई-बेरोजगारी से छुटकारा दिलाने के लिये भाजपा को सता से हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश महासचिव संतोष यादव, संजय यादव, दयानंद प्रसाद केशरी, रामानुज प्रसाद, बसंत बसपत, रामदेव महतो, उमेन्द्र कुमार, मनोज राम, बिंदु बेदिया, सुलेन्द्र, शनिचरवा बेदिया, वासुदेव, अर्जुन, रवि कुमार, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### राजद कार्यकर्ताओं से मिले विधायक

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव ने समर्थकों के साथ शुक्रवार को भुरकुंडा में जनसपर्क अभियान चलाया गया। अकेला राजद कार्यालय पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं से मिलकर महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता इस बार परिवर्तन का मुड बना चुकी है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत तय है।

## रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बनादाग साइडिंग का किया दौरा




**हजारीबाग।** तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक (पूर्व मध्य रेलवे) ने हजीपुर क्षेत्र और धनबाद डिवीजन के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ पकरी बारवाड़ीह कोयला खनन परियोजना के बनादाग रेलवे साइडिंग का दौरा किया। साइडिंग पहुँचने पर परियोजना प्रमुख श्री फैज तैयब ने सभी मेहमानों का प्लांटर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया. तत्पश्चात साइडिंग परिसर में एक संक्षिप्त बैठक हुई, जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने आरएलएस निर्माण और यार्ड वृद्धि कार्य का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। विभिन्न विकास परियोजनाओं के डेडलाइन को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी के अधिकारियों ने रेलवे से समय पर कार्य पूरा करने के लिए पसहयोग की मांग की। इसके बाद, टीम बनाडग साइडिंग क्षेत्र, आरएलएस क्षेत्र, और निमार्णाधीन रेलवे यार्ड का दौरा करते हुए, रेक लोडिंग, सीमा निर्माण, आरएलएस निर्माण, ब्रिज 4 का निर्माण, और ट्रैक रखने सहित विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया। मनोज सिंह, पीसीओएम (पूर्व मध्य रेलवे), कमल किशोर सिन्हा, डीआरएम (धनबाद डिवीजन),रमश्रय पाण्डेय, सीएओ (निर्माण), और वरिष्ठ एनटीपीसी अधिकारियों में फैज तैय्यब (एचओपी पीबी-सीएमपी), संजय दुबे,अमुदला प्रताप (एजीएम, डिस्पैच), और बसंत बेहरा (एजीएम, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) शामिल थे।

# लोस चुनाव को लेकर मारवाड़ी समाज की बैठक 12 मई को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ **समाज की अनदेखी करने वाली पार्टियों और नेताओं को दें मुंहतोड़ जवाबः बिमल बुधिया**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारणी की बैठक जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल व प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया की अध्यक्षता में मारवाड़ी धर्मशाला में हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मारवाड़ी समाज की 12 मई को बैठक होगी। बैठक में रामगढ़ जिला मारवाड़ी समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया जाए समाज की विशाल बैठक कर यह संदेश दिया जाए की दूसरे समाज की तरह ही मारवाड़ी समाज भी एकजुट है और अपने मान सम्मान और अधिकार के लिए कुछ भी करने को तैयार है। बिमल बुधिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज की अनदेखी करने वाली पार्टियों व नेताओ को मुंह तोड़ जवाब देने का समय आ गया है। चुनाव में अगर समाज अपनी एकजुटता का परिचय देता है और यह प्रण लेता है कि हम लोग लोकसभा व विधान सभा चुनाव में उसी पार्टी और नेता को समर्थन देंगे जो मारवाड़ी समाज के साथ कदम पर कदम मिलाकर चलने का वादा करेगा। मारवाड़ी समाज के किसी व्यक्ति के ऊपर अगर मुसीबत आती है तो उसकी मदद करेगा तो पार्टी और नेता अपने आप सुधार जायेगे। अभी जो परिस्थितियों है उसके अनुसार किसी की पार्टी का नेता उम्मीदवार मारवाड़ी समाज से केवल वोट पाने की उम्मीद रखता है काम आने के वक्त अपना पल्ला झाड़ लेते हैं ऐसी पार्टी और नेताओं से मारवाड़ी समाज को दूरी बनाकर रखना है।

बुधिया ने कहा कि मतदान केंद्र तक जरूर जाएं अपना वोट दें क्योंकि एक वोट सरकार बना सकता है गिरा सकता है। रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी समाज के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ कर अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी पार्टियों और नेताओं को यह बताने का समय आ गया है कि मारवाड़ी समाज किसी पार्टी विशेष और नेता की कठपुतली नहीं है जिसे जब चाहे वह जिस तरह से नचा ले मारवाड़ी समाज के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले नेताओं पार्टी और गुंडे तत्व को मारवाड़ी समाज अकेले सबक सिखाने के लिए काफी है लेकिन इसके लिए मारवाड़ी समाज को एकजुट होना जरूरी है। बैठक में प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया, जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, जिला मंत्री प्रकाश पटवारी, गोविंद मेवाड़, विनय अग्रवाल,संदीप अग्रवाल, मदन महेश्वरी, उमेश राजगढ़िया, विनोद कुमार, सुशील गर्ग,जय प्रकाश मित्तल, मनोज बंसल, महावीर खंडेलवाल, सुभाष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल अभिषेक अग्रवाल संतोष पटवारी व अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में प्रदर्शनी



**बरही।** गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में बच्चों ने लगाया रचनात्मक प्रदर्शनी । विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, हिंदी, आंग्ल भाषा, संस्कृत, गणित, संगीत, कला विषयों पर बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच को विभिन्न प्रकार के मॉडल और परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया।बरही एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, झारखंड जोन एफ के ए आर ओ निशिकांत कर, केके सिंह प्राचार्य डीएवी कोडरमा, ए के प्रखर प्राचार्य डीएवी तोपा, एमपी चटर्जी प्राचार्य डीएवी गिद्दी, समाज सेवी राज सिंह चौहान, एलमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, अश्विनी व अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के द्वारा प्रकाशित पत्रिका उत्कर्ष के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। जिसमें बच्चों के प्रतिभा का सचित्र वर्णन मिलता हैएसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि हम अपने बच्चों को जिस मार्ग पर बढ़ाना चाहते हैं विद्यालय उसमें अति सहायक होता है। झारखंड जॉर्डन एफ के निदेशक निशिकांत कर ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। हम जो चाहे वह रूप उन्हें प्रदान कर सकते हैं। जरूरत है उनके अंदर छिपे गुणों को तलाश कर उन्हें निखारने की। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह रचनात्मक प्रदर्शनी बच्चों के रचनात्मक सोच को मूर्त रूप प्रदान कर नए नए आयाम प्रदान करता है।

## मतदान का बहिष्कार करेंगे बेड़म के ग्रामीण



**टाटीझरिया।** डूमर पंचायत अंतर्गत बेडम गांव की जनता ने 20 मई को लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बैठक कर निर्णय लिया और कहा कि पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेडम में बूथ संख्या 366 और 367 था, जिसमे लगभग पंद्रह सौ वोटर है। वहां से बूथ को हटाकर पाँच किलोमीटर दूर बगल के मध्य विद्यालय कोल्हु में कर दिया गया है। इस चिलचिलाती धूप में पांच किलोमीटर चलकर वोट देना असंभव है। पहले की भांति बेडम में ही बूथ 366 और 367 नही किया जाता तब तक चुनाव में बेडम की जनता वोट का बहिष्कार करेंगे। बैठक में रोहित प्रसाद, धनेश्वर मंडल, बबलू प्रसाद सिंह, संदीप गंझू, भोला शर्मा, टहल महतो, बिरेंद्र गंझु, प्रभु मंडल, युगलकिशोर प्रसाद, केदार गंझू, गुलाबी देवी, भिखनी देवी, सरोज देवी, कांति देवी, अरुणा देवी, कुंती देवी, विजय गंझु, मो दीपा, झलवा देवी, चिंता देवी, सावित्री देवी, महावीर महतो, सुनीता देवी, नुनूचंद ठाकुर सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में मना मजदूर दिवस



**बड़कागांव।** बएनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा आज अपनी परियोजना के श्रमिकों के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। सीकरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख फैज तैयब के अलावा विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष कर्मचारी गण एवं संविदा पर कार्यरत सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सबसे पहले विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष के द्वारा श्रमिक दिवस की बधाई दी गई तत्पश्चात सभी ने एक-एक कर अपनी बातें राखी। सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्य रूप से इसी बात पर जोर दिया कि आप अपनी सुरक्षा और सेहत का बखूबी ख्याल रखें और अपने दायित्वों का निर्वहन यथासंभव करें। इस मौके पर परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा कि आपका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है आप स्वस्थ रहेंगे और खुश होकर किसी काम को करेंगे तो यह हमारे लिए कारगर सिद्ध होगी और हम आप सब के सहयोग से सफलता की नहीं बुलंदियों को छुएंगे। उन्होंने इस मौके पर सभी संविदा पर कार्यरत श्रमिकों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद कहा और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जितने भी कीर्तिमान हमारी परियोजना रच रही है उसमें आप सबका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। परियोजना प्रमुख ने उम्मीद जताते हुए श्रमिकों को कहां की हम आगे भी साथ मिलकर ऐसे ही सफलता हासिल करते रहेंगे। इस मौके पर श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट की गई जिससे उनके चेहरे पर एक मुस्कान और प्रोत्साहन देखने को मिला।

## कोरा से अपाची मोटरसाइकिल चोरी

**हजारीबाग।** कोरा थाना क्षेत्र के मटवारी बालाजी होटल के पास से खड़ी अपाची मोटरसाइकिल को चुरा लिया है। यह मोटरसाइकिल नीरज कुमार का है । नीरज ने बताया कि मोटरसाइकिल खड़ा कर होटल में गए थे और कुछ काम कर रहे थे इसी बीच अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर चुरा ले गए जो होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

## झपट्टामार ने लड़की से छीना पर्स और मोबाइल

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के साकेत पुरी के पास अज्ञात उचक्के ने युवती से झपट्टा मार कर पर और मोबाइल छीनकर फरार हो गया भूत भोगी युक्ति प्रीति कुमारी है और यह साकेत पुरी में रहती है इस संबंध में इन्होंने बताया कि बाजार से लौट रहे थे इसी बीच पीछे से दो मोटरसाइकिल सवार सामने आकर पर्स को झपट्टा मार कर लूट लिया है उसमें 1350 रुपया नगद और एक मोबाइल भी था इस घटना की शिकायत कोढ़ा थाना को आवेदन भी दिया गया।

## हजारीबाग : कुएं से मिला युवक का शव

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र के कहानी बाजार स्थित कुएं से एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक युवक की पहचान कानी बाजार निवासी संजय कुमार सिन्हा के रूप में हुई वहीं घटना का सूचना मिलते ही सदर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । इधर परिजनों ने फर्ज बयान में बताया है कि मृतक की लड़ाई भाई के साथ था बरसों से चल रहा था। और शुक्रवार सुबह बड़ा भाई सुधीर प्रसाद सिन्हा और छोटा भाई संजय कुमार के बीच जमीन को लेकर लड़ाई शुरू हो गई। लड़ाई इतना बढ़ गया कि बड़ा भाई ने अपने छोटे भाई को कुएं में धका दे दिया। और वह कुएं में गिर गया और बड़ा भाई वहां से भाग्य गया। इसके बाद पास की ही एक नाबालिक लड़की ने परिजन को कुएं में गिरने की सूचना दी लेकिन काफी देर हो चुका था। और इसी बीच उसकी मौत हो गई ।इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। और पुलिस केद्वारा शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि बड़ा भाई जमीन का कारोबार करता था और वह अपने छोटे भाई की सारी जमीन बेच देता था। जिसको लेकर झगड़ा दोनों भाइयों में चलता रहता था।

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल

**मृत्युंजय दीक्षित**

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है।

पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है।

मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं।



उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा।

प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।

सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा।

बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है।

बसपा ने इस बार नया नारा दिया है,ह्ल बहुजन हिताय बहुजन सुखाय काह्ल किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर

# बढ़ती उम्र में भी 'शॉटगन' श्री शत्रुघ्न सिन्हा का राजनीतिक दमखम कायम

**मनोज कुमार सिन्हा**

**करीब** 78 साल की उम्र में पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से चुनाव मैदान में उतरे शत्रुघ्न सिन्हा का राजनीतिक दमखम आज भी देखने लायक है।

शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा (जन्म 15 जुलाई 1946) एक भारतीय अभिनेता और राजनीतिज्ञ हैं। वह अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्य के रूप में आसनसोल निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सांसद हैं। इससे पहले वह पटना साहिब से लोकसभा (2009-2014, 2014-2019) के रूप में चुने गए थे। वह 1996-2002 और 2002-2008 के दौरान राज्यसभा के सांसद भी रहे। वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री भी थे।

तीन दशक लंबी राजनीतिक पारी में श्री सिन्हा तीन बार लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे हैं, लेकिन इस बीच तीन दल भी बदल चुके हैं। शत्रुघ्न सिन्हा की राजनीति में एंट्री 1992 में तब हुई जब लालकृष्ण आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उन्होंने गांधीनगर से जीत हासिल की थी।

कांग्रेस ने राजेश खन्ना को टिकट दिया तो भाजपा ने श्री सिन्हा



को मैदान में उतारा। यूं तो श्री सिन्हा पार्टी के निर्देश पर अपने मित्र राजेश खन्ना के खिलाफ मैदान में उतर गए और हार भी गए, लेकिन उन्हें बाद में इसका बड़ा पछतावा हुआ। उन्होंने एक इंटरव्यू में इसे अपने जीवन की सबसे दो बड़ी गलती बताया था। इस चुनावी जंग से राजेश खन्ना से उनकी दोस्ती हमेशा के लिए टूट गई।

शत्रुघ्न सिन्हा को उनके बेबाक और स्वतंत्र विचारों के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने हमेशा सार्वजनिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात कही है, जिसने उन्हें लोकप्रियता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया ।

श्री सिन्हा ने 2009 और 2014 से पटना साहिब सीट से लोकसभा के दो चुनाव जीते, लेकिन 2019 में भाजपा ने उनका टिकट काट दिए। नाराज शत्रुघ्न सिन्हा ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। मगर पटना साहिब का चुनाव रविशंकर प्रसाद से हार गए। 2022 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। तृणमूल ने उन्हें आसनसोल से लोकसभा उपचुनाव में उतारा और वे चुनाव जीत गए। अब तृणमूल ने उन्हें फिर से इस सीट से टिकट दिया है, जबकि भाजपा ने एसएस आहलूवालिया को मौका दिया है, जो वर्धमान-दुगार्पुर से सांसद हैं।

शत्रुघ्न सिन्हा का व्यक्तित्व और उनका साहस उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत बनाता है। उनकी कला और राजनीतिक दक्षता ने उन्हें लोगों के बीच विश्वसनीयता का दर्जा दिलाया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने जीवन में अनेक उपलब्धियों को हासिल किया है, और उनका योगदान भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

भाजपा शत्रुघ्न को बाहरी उम्मीदवार बता रही है।

आसनसोल सीट पर सर्वाधिक हिन्दीभाषी मतदाता हैं, जो श्री सिन्हा के लिए फायदेमंद है। तृणमूल कांग्रेस 2022 से पहले यहां चुनाव हार गई थी। भाजपा शुत्रध्न को बाहरी प्रत्याशी बता रही है, जबकि उसके उम्मीदवार एस. एस. आहलूवालिया स्थानीय हैं। यह उनके लिए चुनौती है।

# जब चंद्रशेखर के खिलाफ नारा लगा था, भिंडरवाला वापस जाओ

**उमेश चतुर्वेदी**

रामलीला मैदान की उस सभा में बैठने का इंतजाम नहीं था..ज्यादातर लोग खड़े ही थे...चंद्रशेखर मंच पर पहुंचे..भिंडरवाला वापस जाओ के नारे से हुए स्वागत से उन्हें भरोसा हो गया था कि स्वर्णमंदिर में हुई सैनिक कार्रवाई के चलते लोगों में उन्हें लेकर गुस्सा है।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद की शोक अवधि बीतते ही चुनाव आयोग ने सातवीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान कर दिया था...चुनाव घोषणा की वह तारीख थी, तेरह नवंबर 1984...इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई देशव्यापी सिख विरोधी हिंसा की आंच भले ही ठंडी पड़ चुकी थी, लेकिन उसकी तपिश महसूस की जा रही थी। लोगों के दिल में इंदिरा की हत्या से उपजा क्षोभ अभी ताजा था..इसी बीच चुनाव आ गए...

उन दिनों विपक्ष का सबसे बड़ा दल था, जनता पार्टी। जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर तीसरी बार अपनी पारंपरिक उत्तर प्रदेश की बलिया सीट से मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके थे। उन दिनों लोकसभा की बलिया नाम से दो सीटें थी, पहली उत्तर प्रदेश की बलिया, जो अब भी है, और दूसरी बिहार की बलिया, जो परिसीमन के बाद खत्म हो चुकी है। नवंबर 1984 के आखिरी हफ्ते की कोई तारीख थी। चंद्रशेखर नामांकन दाखिल करने के लिए बलिया आ रहे थे। तब इलाहाबाद से बरौनी तक मीटर गेज की रेल चलती थी। इसी रेल रूट पर बलिया भी पड़ता है। तब बलिया से वाराणसी के बीच छुकछुकिया यानी भाप इंजन वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती थी। जो वाराणसी से चलकर करीब बारह बजे बलिया पहुंचती थी। चंद्रशेखर उसी इंटरसिटी एक्सप्रेस बलिया आ रहे थे। इसकी जानकारी उनके समाजवादी कार्यकर्ताओं के तमाम लोगों की थी। उन दिनों चंद्रशेखर को बलिया के लोग दो नामों से ज्यादा पुकारते थे, अध्यक्ष जी और दाढ़ी। चंद्रशेखर इंटरसिटी से जैसे ही बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरे, उनके कार्यकर्ता फूलमालाओं के साथ उनके स्वागत में बढ़े तो कुछ दूर स्थित युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं ने जोर-जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया, भिंडरवाला वापस जाओ, भिंडरवाला वापस जाओ..

जून 1984 में सिखों के तीर्थ स्थल अमृतसर के स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई हुई थी..उस कार्रवाई में पंजाब को दहशत का केंद्र बनाने वाला जनरैल सिंह भिंडरवाला मारा जा चुका था। इसी कार्रवाई से सिख समुदाय गुस्से में था, जिसकी दुखद परिणति 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में सामने आई। चंद्रशेखर ने स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई का जोरदार शब्दों में विरोध किया था..इंदिरा की हत्या के बाद उनका यह विरोध चर्चा में आ गया था.. तत्कालीन सहानुभूति लहर के चलते इस बयान की वजह से चंद्रशेखर भी लोगों के निशाने पर थे...

बलिया प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ लगा नारा उसी क्षोभ की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है..चंद्रशेखर नारा लगा रहे युवाओं की तरफ कुछ कदम बढ़ाए भी..कुछ देर के लिए नारा थम गया..लेकिन बाद में नारा तब तक लगता रहा, जब तक वे प्लेटफॉर्म से निकलकर अंबेसडर कार से बलिया कलेक्ट्रेट नहीं चले गए..

बलिया कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद उनकी सभा शहर के रामलीला मैदान में हो रही थी..जाड़े की गुनगुनी धूप ढलने लगी थी..जुलूस के साथ चंद्रशेखर रामलीला मैदान पहुंचे। तब वे खादी मटका का कुर्ता, धोती और बंडी पहने थे। कंधे पर बेतरतीब चादर भी थी..उनके नामांकन को कवर करने के लिए कुछ विदेशी पत्रकार भी बलिया पहुंचे थे..

रामलीला मैदान की उस सभा में बैठने का इंतजाम नहीं था..ज्यादातर लोग खड़े ही थे...चंद्रशेखर मंच पर पहुंचे..भिंडरवाला वापस जाओ के नारे से हुए स्वागत से उन्हें भरोसा हो गया था कि स्वर्णमंदिर में हुई सैनिक कार्रवाई के चलते लोगों में उन्हें लेकर गुस्सा है। लिहाजा उन्होंने अपने भाषण में सफाई देनी शुरू की...जिस सिख कौम के लिए सिखों के गुरू तेगबहादुर ने अपने शीश चढ़ा दिया, जिसके लिए गुरू गोविंद सिंह के दो बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया..उस महान कौम के तीर्थ स्थल पर सैनिक कार्रवाई का विरोध करके मैने गलती कहां गलती की...

अभी चंद्रशेखर का वाक्य पूरा ही नहीं हुआ कि तकरीबन पूरे मैदान से विरोध के सुर फूट पड़े, कोई उन्हें भोजपुरी में दाढ़ी के संबोधन के साथ चुप रहने की नसीहत दे रहा था..तो कोई उनके सफाई देने पर सवाल उठा रहा था..

चंद्रशेखर समवेत विरोध के इस सुर से चकित रह गए.. बेशक तब तक वे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे, लेकिन उनकी अपीलों का कोई असर नहीं हुआ..लोगों ने उनका खुलकर विरोध किया..विरोध का प्रमुख वजह रही इंदिरा की हत्या को लेकर कांग्रेस के प्रति उपजी हमदर्दी और गुस्सा...

1977 और 1980 के चुनावों में जिस बलिया ने चंद्रशेखर को अपना संसदीय ताज बनाया, उसी बलिया ने दिसंबर 1984 में हुए आम चुनावों में नापसंद कर दिया..कांग्रेस के जगन्नाथ चौधरी के हाथों जनता पार्टी के अध्यक्ष जी को 54 हजार 940 वोटों से हार मिली...बलिया से कांग्रेस के आखिरी नुमाइंदे जगन्नाथ चौधरी ही रहे..उसके बाद 1989, 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 के चुनावों में चंद्रशेखर को लगातार जीत मिली...उनके निधन के बाद हुए 2007 के उपचुनाव में उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते। नीरज को 2009 में भी जीत मिली, लेकिन 2014 में वे हार गए। अब वे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और अपने पिता की विरासत पर बीजेपी के टिकट पर दावा ठोक रहे हैं... बलिया में जब भी चुनाव आता है, चंद्रशेखर की याद आना स्वाभाविक है और इसके साथ ही उनके खिलाफ 1984 में लगा वह नारा भी, भिंडरवाला वापस जाओ।

# आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देगी भाजपा की सहयोगी टीडीपी

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि अगर राज्य में सत्ता में चुने गए तो पार्टी आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। नायडू ने कहा कि टीडीपी ने राज्य में मुस्लिम आरक्षण के लिए सक्रिय रूप से काम किया है और अपने वादों को पूरा करना पार्टी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखेंगे और राज्य में मस्जिद के रखरखाव के लिए हर महीने 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम ने नूर बाशा कॉर्पोरेशन की स्थापना करने और इसके लिए प्रति वर्ष 100 करोड़ रुपये आवंटित करने का भी वादा किया है। उन्होंने कहा कि अगर टीडीपी आंध्र प्रदेश में सत्ता में आती है, तो 50 वर्ष से अधिक आयु के अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों को पेंशन प्रदान करेगी। चंद्रबाबू नायडू ने यह भी वादा किया कि टीडीपी अल्पसंख्यकों के लिए प्रमुख शहरों में ईदगाह और कब्रिस्तान के लिए स्थान आवंटित करेगी।

पूर्व सीएम ने हज यात्रा पर जाने वाले मुसलमानों को 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और अल्पसंख्यक वित्त निगम के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण में 5 लाख रुपये की पेशकश करने की योजना की भी घोषणा की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इमामों और मौलानाओं को क्रमशः 10,000 रुपये और 5,000 रुपये का मानदेय मिलेगा, जो योग्य इमामों को सरकारी काजी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। पवन कल्याण की जन सेना और भाजपा के साथ टीडीपी दक्षिणी राज्य में एनडीए सहयोगी हैं।

## मुस्लिम आरक्षण पर बीजेपी का रुख

मुस्लिम आरक्षण पर चंद्रबाबू नायडू का रुख इस मुद्दे पर भाजपा के रुख से बिल्कुल विपरीत है। इस सप्ताह की शुरूआत में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अगर आम चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भगवा पार्टी फिर से केंद्र में सत्ता में आती है तो भाजपा तेलंगाना में मुसलमानों के लिए नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण इसके बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों को दिया जाएगा।

# सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

**नीरज कुमार दुबे**

मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी।

लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा।

सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं।




मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है।

देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी-अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि महादलितों की हालत और इस गांव की हालत देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामाजिक न्याय के मुद्दे पर राजनीति करने वालों ने देश और समाज को कुछ नहीं दिया।

हम आपको बता दें कि यादवों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र मधेपुरा में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान हो रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मुरहो गांव से शुरू हुए सामाजिक न्याय के गौरवशाली आंदोलन से जुड़ी यादें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। उल्लेखनीय है कि मुरहो गांव यादव बहुल है और इसके अन्य समुदायों में कुर्मी और पचपनिया जैसे कुछ अन्य ओबीसी समूहों के साथ-साथ महादलित भी शामिल हैं। यहां के लोग इस गांव का भाग्य बदलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं।

गांव के युवक कहते हैं कि बीएड की डिग्री ली, आईटीआई का प्रमाणपत्र लिया लेकिन कोई नौकरी नहीं मिली। अधिकांश युवक स्कूली बच्चों को खुले में ट्यूशन पढ़ा कर अपना काम चलाते हैं। बेरोजगारी की स्थिति को लेकर युवकों की नाराजगी हर दल से है। युवकों का कहना है कि कोई भी वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं कर रहा है। असली मुद्दा बेरोजगारी है। युवकों का कहना है कि बड़ी डिग्री लेने के बावजूद चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन किया है लेकिन एक साल से परीक्षा ही आयोजित नहीं की जा रही है। युवकों का कहना है कि परीक्षा आयोजित भी हो तो पेपर लीक हो जाता है जिससे बड़ा नुकसान होता है। गांव वालों की शिकायत है कि यहां की सुध लेने के लिए कोई राजनेता नहीं आता है। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना के तहत आ रहा पानी अच्छी गुणवत्ता का नहीं है। लोगों का कहना है कि नल तो हैं लेकिन गांव में नालियां नहीं हैं जिससे गंदगी का अंबार लगा रहता है।

हम आपको बता दें कि मधेपुरा में 2019 के लोकसभा चुनावों में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले शरद यादव को 3 लाख से अधिक वोटों से हराया था। इस बार, मौजूदा सांसद दिनेश का मुकाबला राजद के चंद्रदीप यादव से है, जो शिक्षाविद् और पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार रवि के बेटे हैं। माना जा रहा है कि इस बार क्षेत्र में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

# सोशल मीडिया में हथियार के साथ वायरल फोटो के मामले में युवक गिरफ्तार



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में कल्याणपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मठिया चौक निवासी वकील राम का पुत्र गौतम कुमार बताया जाता है। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, एक मोबाईल व वायरल फोटो की हार्ड कॉपी 6 पीस पुलिस ने बरामद किया है। चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने पत्रकारो को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कल्याणपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गुप्त सुचना मिली कि हथियार के साथ वायरल फोटो वाला युवक मठिया चौक पर है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छापामारी कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार युवक से बरामद मोबाईल से इसके नेटवर्क का पता कर करवाई कि जाएगी। छापामारी में कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एसआई प्रमोद कुमार, सिपाही रौशन कुमार, बिंदेशवरी साह व बिन्देश्वरी राम शामिल थे।

## सोशल मीडिया में हथियार के साथ वायरल फोटो के मामले में युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में कल्याणपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मठिया चौक निवासी वकील राम का पुत्र गौतम कुमार बताया जाता है। उसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, एक मोबाईल व वायरल फोटो की हार्ड कॉपी 6 पीस पुलिस ने बरामद किया है।

# नॉमिनेशन में 100 मीटर की दूरी से पैदल चलकर नामांकन स्थल पहुंचेंगे उम्मीदवार

एजेंसी

**गोपालगंज।** चार मई यानि शनिवार को गोपालगंज में एनडीए और महागठबंधन के साथ अन्य उम्मीदवार अपना नामांकन दाखल करेंगे। इस दौरान उम्मीदवार के साथ आने वाले समर्थकों व वाहनों के काफिले पर भी प्रशासन नजर रखेगी। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार प्रत्याशी तीन वाहनों के साथ नामांकन के लिए पहुंचेंगे। लेकिन 100 मीटर की दूरी पैदल तय कर नामांकन स्थल तक पहुंचेंगे। उड़नदस्ता टीम में शामिल अधिकारियों को भी डीएम ने दायित्व सौंपा है। उड़नदस्ता दल अपने-अपने क्षेत्रों में सूचना तंत्र मजबूत करेंगे। किसी पार्टी विशेष द्वारा डराने-धमकाने, राशि वितरण करने, शराब व हथियार एकत्र करने की सूचना मिलते ही छापेमारी करना सुनिश्चित करेंगे। उड़नदस्ता दल के द्वारा किसी प्रकार की उदासीनता को गंभीरता से लेने की सख्त हिदायत डीएम द्वारा दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए विशेष सेल बनाया गया है।

# लोक लुभावन वादों के साथ जनता को रिझाने की तेजस्वी यादव की कोशिश

एजेंसी



**अररिया।** विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की धरती अररिया के सिमराहा मध्य विद्यालय मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर प्रहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में दस साल से और बिहार में पंद्रह सालों से भाजपा की सरकार है। लेकिन वे मुद्दे की बात नहीं करते हैं। जबकि वह सिमराहा की धरती पर मुद्दे की बात करने आए हैं। आज देश का दुश्मन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी है। जिससे जनता जूझ रही है। उन्होंने कहा कि 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों नौकरियां दी। विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज,और शिक्षामित्र के मानदेय को दुगना करने का काम किया। जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी और टूरिज्म पॉलिसी डेवलप करने का काम किया। निवेशकों को बुलाकर बिहार में निवेश करवा रहे थे और जब हम लोग यह काम कर रहे थे और नौकरी दे रहे थे तो भाजपा वालों ने उनके चाचाजी को हाईजैक कर लिया। लेकिन वह उनकी इज्जत करते हैं। चाचाजी बुजुर्ग और अभिभावक हैं। उन्होंने कहा कि 17 माह के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। तीन लाख युवाओं के रोजगार की प्रक्रिया अंतिम रूप में थी और सरकारी नौकरी देने वाले थे। लेकिन ऐन वक्त पर भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया और सरकार से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी तो 15 अगस्त तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। गरीब बहनों को प्रत्येक साल एक लाख रुपये दिया जायेगा। मौके पर राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम, राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर अनवर बैराग, अविनाश आनंद, सुरेश पासवान, कमरुज्जमा समेत बड़ी संख्या में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर तेजस्वी प्रसाद को फणीश्वरनाथ रेणु की तस्वीर भेंट की गई।

## खबर एक नजर में

### पचास हजार से अधिक नकद ले जाने पर होगा जब्त

**गोपालगंज।** लोकतंत्र के महापर्व लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर तैयारी जोरों पर है। आचार संहिता के दौरान 50 हजार रुपये से ज्यादा की नकदी ले जाते किसी अभ्यर्थी, अभिकर्ता या पार्टी कार्यकर्ता को पकड़े जाने पर सामान व रुपए जब्त कर लिए जाएंगे। निगरानी टीम प्रतिदिन व लगातार अधिक मात्रा में नकदी, अस्त्र-शस्त्र व असामाजिक तत्वों के आवागमन पर निगरानी रखेगी। इसके लिए जिले में 30 केंद्र बनाए गए हैं। जो सभी विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 संवेदनशील जगहों पर बने हैं। वहीं प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। साथ ही सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराना भी सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए अधिकारियों को संबंधित केंद्र के वीडियोग्राफर का नाम उनके मोबाइल नंबर के साथ उपलब्ध कराया गया है। बताया जाता है कि कुचायकोर्ट विधान सभा के बथना कुट्टी, धुरलख व मगरदही पुल के निकट निगरानी केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार जिले के सटे जिले के सीमावर्ती गांवों में चेक पोस्ट बनाकर निगरानी टीम तैनात की गई है। चेक पोस्ट पर तैनात स्टेटिक निगरानी टीम को संबंधित थाने की पुलिस सशस्त्र बल उपलब्ध कराएगी। बताया जाता है कि सभी थानाध्यक्ष को आचार संहिता के दौरान निगरानी टीम को जांच के लिए अपने स्तर से एसएसटी के साथ एक पुलिस पदाधिकारी व 1-4 सशस्त्र बल प्रतिनियुक्त करने को कहा गया है।

### भागलपुर के जदार्लू को टक्कर देगा लॉकडाउन वेरायटी का आम

**भागलपुर।** मैंगो मैन के नाम से मशहूर अशोक चौधरी ने आम की एक नई वेरायटी लॉकडाउन को विकसित किया है। यह पौधा मात्र 5 से 6 फिट का होता है। एक पौधा करीब 50 मीटर का सर्कल लेता है। ऐसे में छोटी से जगह पर इस आम के पौधे को लगा सकते हैं। यह आम देखने में सिंदूरी और हरा रंग का होता है। खाने में भागलपुर के जदार्लू आम से ज्यादा स्वादिष्ट है। अशोक चौधरी ने आम की इस वेरायटी का इजाद किया है। लोगों को यह आम पसंद भी आने लगा है। लोग इस आम के स्वाद के दीवाने हो गए हैं। यह आम देखने में भी खूबसूरत होता है। इसमें गुद्दा अधिक होता है। पतला छिलका के साथ यह आम काफी स्वादिष्ट होता है। सिंदूरी और बीजू के क्रॉस से पौधा तैयार किया गया है। मैंगो मैन अशोक चौधरी ने बताया कि लॉकडाउन था। उस समय पूरा भारत बंद था। सभी चीजें बंद हो गई थी। घर पर अकेले बैठे मन नहीं लग रहा था। तो सोचा कि एक नए आम का पौधा ही इजात कर दिया जाए। तभी सामने सिंदूरी और बीजू आम नजर आया। तो उसी से नए आम को इजाद किया और नाम रख दिया लॉकडाउन। यह पौधा मात्र 5 से 6 फिट का होता है। एक पौधा करीब 50 मीटर का सर्कल लेता है। ऐसे में छोटी से जगह पर इस आम के पौधे को लगा सकते हैं। यह आम देखने में सिंदूर व हरा रंग का होता है। इसलिए लोगों का देखकर भी मन खुश हो जाता है। ऐसे में यह आम खूबसूरत से साथ साथ खाने में भी स्वादिष्ट लगता है। उन्होंने ने बताया कि यहां कई राज्य से लोग आते हैं। वहां का पौधा भी लेकर आते हैं। यहां के नए वैरायटी का पौधा लेकर भी जाते हैं। इस आम का पौधा दिल्ली, कोलकाता, गुजरात और ओडिशा में लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस आम को लोग छत पर गमले में भी उगा सकते हैं। आसानी से गमले में यह पौधा लग जाएगा।

### नरपतगंज में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने रोड शो कर वोट मांगा

**अररिया।** अररिया के नरपतगंज में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह ने शुक्रवार को रोड शो किया। जिसमें भाजपा और जदयू के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। खुली जीप में खड़े प्रदीप सिंह ने नरपतगंज बाजार में हाथ जोड़कर लोगों से वोट करने की अपील की। रोड शो में शामिल एनडीए के कार्यकर्ता भाजपा उम्मीदवा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से नारे लगा रहे थे। मौके पर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि नरपतगंज विधानसभा से हमेशा लोगों का साथ मिला है और इस बार भी नरपतगंज रिकार्ड बढ़त दिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि नरपतगंज विधानसभा सहित अररिया जिला में किए गए रेल,सड़क,पुल पुलिया और विकास कार्यों को लेकर जनता ने मूड बना रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्पना को पूरा करने के लिए इस बार देश में चार सौ से अधिक सीट एनडीए को देने का मन देश की जनता बना चुकी है।

### नव मतदाता अभियान को लेकर एनडीए की बैठक

**अररिया।** अररिया नगर में शुक्रवार को एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह ने शंखनाद कार्यक्रम के बैनर तले नव मतदाता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदीप कुमार सिंह ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्माण में युवा का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी काफी संख्या में हमारे अररिया में युवा-युवती फर्स्ट टाइम वोट डालने जाएंगे। इन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी के नेतृत्व में देश का पूरे विश्व में अलग ख्याति मिली है इससे सारे युवा जागरूक है। प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे अररिया के युवा मतदाता से इस लोकतंत्र के पर्व का भागीदार बनते हुए नव मतदाता से वोट डालने की अपील की।

### विद्यालय शिक्षा समिति संवाद का आयोजन

**भागलपुर।** जिले के गोराडीह प्रखंड के कासिमपुर में शुक्रवार को विद्यालय शिक्षा समिति संवाद का आयोजन परिधि द्वारा टी डी एच के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षा समिति की माता सदस्यों, शिक्षक प्रतिनिधि और बाल संसद सदस्य के अतिरिक्त स्थानीय परिधि कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उदय लिखित गीत हो बहना करो शिक्षा समिति मजबूत जिसका गायन जय नारायण ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जय नारायण ने कहा कि परिधि आसपास के दलित बस्तियों में रिमेडियल सेंटर चला रहा है। जिससे बाल विवाह और बाल श्रम रुके साथ ड्रॉप आउट घटे तथा विद्यालय सशक्त हो। विषय प्रवेश करते हुए परिधि के निदेशक उदय ने कहा कि गांव में सरकार को स्कूल, आंगनबाड़ी, पीएचसी और पंचायती राज व्यवस्था के रूप में देखते हैं। अगर महीने में एक बार वीएसएस की मीटिंग नहीं होती है, वीएसएस सदस्यों से स्कूल संचालन में मदद नहीं ली जाती ,है फरवरी माह के अंत में विद्यालय शिक्षा समिति अपना बजट नहीं बनाती है तो सरकार असफल है। ग्राम पंचायत की बैठकें केवल कागज पर होती है तो मतलब सरकार असफल है। वीएसएस की अवधारणा के मूल में पैसा सरकार का संचालन समाज का है। अगर हम नियमानुकूल वीएसएस का गठन और संचालन नहीं करेंगे आरटीई के अनुरूप नहीं चलेंगे तो धीरे धीरे सरकारी स्कूल खत्म हो जाएंगे। जिससे गरीब गुरुओं के पढ़ने का अवसर छीन जायेगा।

### पिस्तौल व कारतूस के साथ नीतीश गिरफ्तार,बड़ी घटना टली

**नवादा।** जिले में पकरीबरमा थाने के विशनपुर गांव में शुक्रवार को अपराध की योजना बनाते हुए पिस्तौल व कारतूस के साथ नीतीश कुमार नामक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकरिवरवां के थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें सूचना मिली कि नीतीश कुमार गांव में हथियार लेकर घुस रहा है ।इसके बाद उन्होंने टीम गठित कर सशस्त्र बलों को गांव में भेजा,तो गांव के सेट बगीचे में नीतीश कुमार हथियार लहरा रहा था। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। जिसके बाद उसने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।संभव है अगर पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं करती तो वह कोई बड़ी घटना को अंजाम दे देता। नीतीश कुमार की शास्त्र के साथ गिरफ्तारी से एक बड़ी घटना टल गई। ग्रामीण इसे पुलिस की बड़ी सफलता मान रही है। आसपास के नागरिकों ने भी पुलिस की सक्रियता पर खुशी जाहिर करते हुए एसपी को धन्यवाद दिया।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने तैयारी का लिया जायजा

एजेंसी

**अररिया।** अररिया में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है, जिसको लेकर जिलास्तर पर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी इनायत खान द्वारा सभी पोलिंग पार्टी -सह- ईवीएम-वीवीपैट डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित गति से आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों का ब्रीफिंग स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतदान कर्मियों के लिए हेल्प डेस्क, वाहन पार्किंग स्थल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया गया। मौके पर विभिन्न कोषांगों के अधिकारी मौजूद थे।

# चोरों का चारागाह बना स्कूल



गायब पंखा दिखाते शिक्षक

एजेंसी

**कांडी।** पहाड़ी क्षेत्र का एक प्रमुख शिक्षण संस्थान गरदाहा जमा दो हाई स्कूल चोरों का चारागाह बन गया है। यहां लगातार चोरी हो रही है। पिछले दो महीने में हुई कई वारदातों के बाद गुरुवार की रात चोरों ने फिर दसवीं कक्षा के बिजली उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। इस हाल में विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन असंभव की सीमा तक कठिन हो गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने कहा कि शुक्रवार की सुबह दसवीं कक्षा का ताला टूटा हुआ पाया गया। इस क्लास में हाल ही में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बिजली की वायरिंग कराकर पंखा व बल्ब आदि लगवाया था। लेकिन मौके पर से दो सीलिंग फैन, एक ट्यूब लाइट व एक बल्ब तथा तार गायब था। कहा कि 25 हजार रुपए खर्च कर पूरी व्यवस्था की गई थी। अभी मिस्त्री की मजदूरी दो हजार रुपए बकाया ही है। इससे पहले 17 फरवरी व 26 फरवरी 2024 को भी बायोमेट्रिक मशीन व मंत्रा तथा कई सारी खेल सामग्री भी चोरी कर ली गई थी। उसी अवधि में रनिंग वाटर का पाइपलाइन उखाड़ व तोड़कर फेंक दिया गया था। इससे पूर्व पहले के एचएम के कार्यकाल में स्कूल में संचालित आईसीटी लैब के तमाम कंप्यूटर व उसके उपकरणों की दो बार चोरी कर ली गई थी। सभी वारदातों को लेकर कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। बावजूद इसके आजतक किसी भी मामले का उद्भेदन नहीं किया जा सका। नतीजा है कि चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वे इस स्कूल को चारागाह बनाकर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने मामले का त्वरित उद्भेदन व कार्रवाई की मांग की है।

# गंगा किनारे गांव में जल संकट, नल जल के पाइप से नहीं आ रहा पानी



एजेंसी

**भागलपुर।** भीषण गर्मी के बीच भागलपुर के गंगा के तट पर बसे गांव में जल संकट गहराने लगा है। गंगा नदी से महज सौ मीटर की दूरी पर बसे मीराचक गांव में लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। नल जल योजना के तहत पानी की पाइपलाइन तो जरूर बिछाई गई लेकिन उसमें पानी नदारद है। ऐसे में भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। कुछ जगहों पर पानी आता है तो उसी से दर्जनों परिवार अपना गुजर बसर करते हैं। दूसरे चरण में भागलपुर जिले में मतदान तो हो गया लेकिन लोगों की आशाएं अब भी पूरी नहीं हो पाई। जल संकट के बीच लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि और बिहार सरकार को कोसते नजर आ रहे हैं।

# नए इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में शुक्रवार को नए इंजीनियरिंग कलेज के भवन का उद्घाटन किया गया। इस भवन में नए सत्र से बीटेक, डिप्लोमा, एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए आदि कोर्स का संचालन किया जाएगा। उद्घाटन से पूर्व बाबा अवूत राम के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ड एमके सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का प्रारंभ इस भवन से हो रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में छात्र-छात्राएं देश में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. लल्लन सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का ज्ञान विद्यार्थियों में होना आवश्यक है। तकनीकी शिक्षा देश को नित नई ऊंचाइयो पर ले जायेगा। तकनीकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार ने भवन मे संचालित विभिन्न कोर्स के बारे मे बताया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने तकनीकी महाविद्यालय के उद्घाटन पर बधाई एवं शुभकामना दी। मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. उमाशंकर मिश्रा, डॉ. मनीष दुबे, नीतेश पाठक, एसके ओझा, एनके प्रसाद, सुभाष कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, सुबोध शर्मा, उमाशंकर वैद्य, अनिमेष चौबे, हिमांशु वैद्य, रविराज, उपेंद्र विश्वकर्मा, नितीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नए जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने लिया पदभार

**भागलपुर।** भागलपुर के नए जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार को डीडीसी कुमार अनुराग ने पदभार ग्रहण कराया। 22 अप्रैल को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के समक्ष मतदान हुआ जिसमें मिथुन कुमार विजय घोषित हुए।

# मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन के लिए पत्र जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ सतीष भगत

**मझिआंव।** मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित किए जाने के संबंध में बीडीओ सतीश भगत पत्र जारी किया है। जिसमें झारखंड सरकार मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग रांची निर्देशानुसार मझिआंव बीडीओ ने सभी मतदान केन्द्रों पर गठित बुथ एवरनेंश ग्रुप (बीएजी) को कहा है कि सात मई को संया 5:00 बजे बैठक आयोजित करते हुए उक्त बैठक के दौरान मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित की जानी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उसी दिन संध्या 6 बजे से 8 बजे के बीच अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर निर्वाचन से वोटर अवेयरनेस पोस्ट आदि करें, साथ हीं पोस्ट में हैजटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसेडर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे और मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बने।

# कांडी थाना में एक भवन के दो रूम सील

खबर मन्त्र संवाददाता



सील करते नाजीर

**कांडी।** थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय डब्लूपीसी नंबर.2532/2021 के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के विविध आदेश के अनुसार आदेश संख्या 132/2024 दिनांक 03/05/24 के पारित आलोक में कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओपी को स्थानीय गवाहों के समझक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम सील किया गया। ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेद्य रहेगा, इस पूरे परिसर की देख रेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया जाता है। विदित है कि इस कांड के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या, 78, रकबा 05 डी0 का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है। मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मो. अफताब आलम, सीआई जगरनाथ मांझी, न्यायालय क्लर्क महेन्द्र राम, थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप पासवान, विनोद राम, कन्हाई पासवान आदि लोग मौजूद थे।

# पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ने गरीब लड़की की शादी में दिया सहयोग

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार सिंह ने पंचायत के ढेकुलिया टोला निवासी एक गरीब लड़की की शादी में आर्थिक रूप से मदद दी है। पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ने शादी में लड़की के पिता रामकिशुन ठाकुर को पांच हजार एक सौ रुपये की आर्थिक सहायता की। मौके पर पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ने बताया कि गरीब असहाय रामकिशुन ठाकुर का परिवार आर्थिक तौर पर कमजोर है। परिवार ने सामाजिक तौर पर मुझसे अपनी बेटी की शादी में मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मैंने गरीब परिवार की मदद की है। गरीब लड़की की शादी में मदद करने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह का आभार जताया है।

स्पीड न्यूज

### इंडिया गठबंधन नहीं ठगबंधन है : सुदेश महतो

चाईबासा में एनडीए की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए घटक दल आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि इंडिया गठबंधन नहीं ठगबंधन है। हमारे पास देश का नेता और प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है। मोदी का शासन दस साल चला है अभी और आगे चलेगा। अयोध्या से राम नाम शुरू हुआ चाईबासा से गीता पाठ शुरू हुआ।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश दिन-दुनी तरक्की कर रहा हैं : गीता कोड़ा

सिंहभूम सीट पर भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चाईबासास की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोल्हान की पावन धरती व शहीदों की धरती मे देश के यशस्वी पीएम नरेंद्र मोदी का हार्दिक स्वागत है। पीएम मोदी के नेतृत्व मे दिन दिगुनी तरक्की कर रहा है। जल जंगल जमीन के नाम पर विरोधिये ने लूटने का काम किया है। शहीदों के नाम पर राजनीति किया है। मोदी के नेतृत्व मे देश को तरक्की कीओर ले जाये।

### गीता और अर्जुन दोनों को विजयी बना मोदी को मजबूत करें : बाबू लाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी मतदाता बंधुओं से निवेदन कर रहा हूं कि 13 मई को अर्जुन मुंडा और गीता दोनों को विजयी बनाना है। झारखण्ड प्रदेश मे राज्य सरकार ने अराजकता फैलाई है। हेमंत सोरेन को गिरफ़्तारी वाजिब है इस पर हाई कोर्ट का मोहर लगा है। इंडी गठबंधन झारखण्ड के विरोधी है। इसने साशन मे झारखण्ड ने लूट गया। पीएम ने घर घर बिजली दिया, राशन दिया, घर दिया। 2024 मे तीसरी बार पीएम बनान है तो गीता कोड़ा और अर्जुन मुंडा को वोट देना है।

### ओड़िसा जाकर मनाया राज्यपाल का जन्मदिन लगा बधाईयों का तांता



जमशेदपुर। झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान में ओड़िसा राज्य के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास का जन्मदिन शुक्रवार को मनाया गया। सुबह से ही शुभचिंतकों और समर्थकों में बधाई देने की होड़ लगी रही। जमशेदपुर महानगर भाजपा एवं सूर्य मन्दिर कमिटी के प्रमुख नेताओं ने भी भुवनेश्वर राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दिये। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल रघुवर दास जी को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, भगवान बुद्ध एवं भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर उनको दीघार्यु होने की कामना सहित जन्मदिन की बधाई प्रेषित किया। मौके पर रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, भूपेंद्र सिंह, राकेश सिंह, संजीव सिंह, बबुआ सिंह, पवन अग्रवाल,अमरजीत सिंह राजा, टुनटुन सिंह, विष्णु केवर्त, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, शैलेश गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, छक्कन चौधरी, रॉकी सिंह, तेजेंद्र सिंह जॉनी, कंचन दत्ता, शशिकांत सिंह, प्रमोद मिश्रा, बंटी अग्रवाल, मिट्ठू चौधरी, रमेश पांडे, रमेश नाग, पंचमी मिथिलेश साव, लोहा यादव, दिलीप पासवान, ज्ञान प्रकाश, मुकेश दास, महावीर, सहित अन्य मौजूद थें।

### डालसा सचिव ने ओल्ड एज होम का किया निरीक्षण

जमशेदपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया। डालसा सचिव का सामाजिक संस्था फुरिदा के संचालक मोनोजित प्रमाणिक ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही ओल्ड एज होम में रहने वाले बुजुर्गों ने भी फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डीएलएसए सचिव ने ओल्ड एज होम में रहने वाले सभी बुजुर्गों (महिला /पुरुष) से मिलकर हाल चाल जाना। उन्होंने राशन कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन बना है की नही इसके बारे में भी जाना। विजिट के दौरान सभी बुजुर्गों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग की तथा सभी ने अपनी समस्याओं को साझा किया। बुजुर्गों की मांग को बहुत ही जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# घुसपैठियों को आदिवासियों की आबरु और जमीन लूटने नहीं देगें : मोदी

## 13 मई को कमल छाप पर बटन दबा कर मुझे आर्शीवाद दें : पीएम, कांग्रेस और राजद ने झारखंड को लूटा, जेएमएम उनकी गोद में बैठा है



चाईबासा चुनावी सभा में जन समुदाय का हाथ हिला कर स्वागत करते पीएम मोदी, प्रत्याशी गीता कोड़ा, अर्जुन मुंडा और बाबूलाल मरांडी।



साल के पत्ते से बनी हैट पहन कर प्रफूल्लित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



पीएम को स्मृति चिन्ह के रुप में भगवान गणेश की कृति पेश करते अर्जुन मुंडा।



पीएम मोदी की मां के साथ एक पोट्रेट को दिखा कर अपनी ओर ध्यान आकृष्ट करता एक भाजपा समर्थक।

### प्रधानमंत्री ने चाईबासा में गीता कोड़ा और अर्जुन मुंडा के पक्ष में की चुनावी सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोल विद्रोह की धरती सिंहभूम लोकसभा सीट पर श्रीमती गीता कोड़ा के जरिए भाजपा का विजय पताका फहराने और खूंटी में कांटे की टक्कर के बीच अर्जुन मुंडा के विजय रथ को सफलता सुनिश्चित करने के मकसद से शुक्रवार को टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ये भगवान बिरसा की भूमि है। इस धरती सिंहभूम को मेरा प्रणाम शत शत नमन। आज लोग इतनी बड़ी संख्या मे हम सबो को आशीर्वाद देने आये है आपका ये प्यार और आशीर्वाद यही मोदी की ताकत है। उन्होंने कहा की भाजपा और झारखण्ड का रिश्ता दिल का है। झारखण्ड को यहां की लोगों की भावनाओं को अगर कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ भाजपा है। हमें पता रहता है की यहां के लोग क्या चाहते है,झारखण्ड को भाजपा ने बनाया, तत्कालीन पीएम अटल ने बनाया। पर विरोधियों ने झारखण्ड का विरोध किया, बिहार के नेता कहते थे की मेरे शव मे झारखण्ड बनेगा। ये भाजपा की ताकत थी अटल जी का निश्चय झारखण्ड बना। यहां के विकास मे कांग्रेस ने ब्रेक लगाया। कांग्रेस को मंजूर नहीं था की ग्रामीण यह लाभ लें। कांग्रेसी एसी मे बैठ कर एक रुपये मे 85 पैसा मार देते थे। पर मोदी ने योजना दिल्ली से शुरू नहीं करके देश के कोने से शुरू किया। आयुष्मान योजना हमने झारखण्ड की भूमि से शुरू की।

### झारखण्ड दिल्ली से कम है का...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने याद दिलाया कि मुद्रा योजना से नवजान को जवानो का भाग्य बदलने वाली योजना झारखण्ड के दुमका से शुरू किया। इससे करोडो नवजावनो को अपने मन का काम.करने के लिए पैसे दिए। पीएम जन मन योजना झारखण्ड से शुरू हुआ। 24 हजार करोड़ हजार की योजना लोगों की जिंदगी बदल रही है। इसीलिए कहता हूं कि झारखण्ड और भाजपा का दिल का नाता है। आज झारखण्ड हर कोने मे विश्वास,उमंग और उत्साह के साथ एक ही बात कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।






सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पीएम मोदी को नमन करते हुए।

**भाजपा ने भगवान बिरसा को पहचान दी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया**

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में झारखंड के क्रांतिकारियों की सम्मान और आदिवासी विकास की चर्चा अपने भाषण में की। उन्होंने कहा कि सिंहभूम की धरती आदिवासी क्रन्तिकारी की धरती है। कांग्रेस ने आदिवासी के बलिदान को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है। ये भाजपा है की भगवान बिरसा की भूमि को एक और पहचान दी उनके जन्मदिन को जनजाति दिवस बनाया। हम देश भर मे आदिवासी गौरव के लिए जनजाति म्यूजियम बना रहे है। पर कांग्रेस को आदिवासी इतिहास का सम्मान पसंद नहीं,जनजाती समाज के.लोगों को आगे बाढ़ने नहीं देना चाहते। देश की माननीय राष्टपति द्रोपदी मुर्मू यही की राजयपाल थी। पर इंडी गठबंधन ने आदिवासी " को राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किए। आदिवासी महिला इस पद पर बैठ सकती है,उनको पच नहीं रहा है। जल जंगल जमीन पर आदिवासी का अधिकार है। पर जेएमएम और कांग्रेस इसे अपनी सम्पति समझते है। जेएमएम और कांग्रेस ने झारखण्ड के मान सम्मान मे चोट पहुंचाई है। जनता से पूछना चाहता हू की क्या आप इन्हे माफ करेंगे? राज्य की सरकार और कांग्रेस की लूट की रेल चल रही है। कांग्रेस की सासंद के घर से 300 करोड़ का नकद मिली,बैंक की मशीन हाफने लगी। ये झारखण्ड के गरीब, मजदूर, किसान, दलित आदिवासी का पैसा है। ये जनता के पैसे की लूट है। कांग्रेस और जेएमएम किस मुंह से वोट मांगने आते है, ये कितने बेशर्म है, लूट मे पकडे जाते है पर परवाह नहीं। ये दिल्ली मे सरकार बना कर पुरे देश मे बेलगाम लूट करना चाहते है। इंडी गठबंधन ने झारखण्ड को बेवकूफ बनाया, जिस पार्टी और नेता ने झारखण्ड को लुटा और विरोध किया जेएमएम उनके गोद मे बैठ गया। झारखण्ड को भ्रष्टाचार और जंगल राज की आग मे झोंकने वाली की सजा मिलनी चाहिए की नहीं, जनता का हक लूटने वाले कोसजा देने के लिए देश को आपके आशीर्वाद की जरूरत है। एक ओर आदिवासी विरोधी कांग्रेस है पर हमारी पहली प्राथमिकता आदिवासी विकास है। हमने ही आदिवासी विकास के लिए अलग जन जाती मंत्रालय बनाया,अलग बजट बनाया। तब जनजाति क्षेत्र मे विकास हो रहा है। बीजेपी जनजाति विकास के लिए एकलव्य स्कूल कॉलेज बना रहे है। हमने ही स्थानीय भाषा मे जन जाती भाषा मे शिक्षा देने का काम किया।

इन्होने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। आपका भाई आपका बेटा दिल्ली मे बैठा है, हमने निर्णय लिया की अपनी मातृभाषा मे पढ़ने वाला भी डॉक्टर इंजिनियर बनेगा। जनजाति लोग देश का नाम रौशन कर रहे है। आदिवासियो का विकास भाजपा की देन है हमने 6 दशकों के इंतजार को खत्म कर 10 साल मे जरूरत पूर्ण किया। चाईबासा मे हमारी सरकार मेडिकल कॉलेज का निर्माण करा रही है, यही के बच्चे डॉक्टर बन कर निकलेंगे। 10 वर्षों मे मोदी सरकार ने मकान, बिजली, पानी दिए, 18 लाख को पक्का मकान, ढाई करोड़ को मुफ्त राशन मिल रहा है। ताकि गरीब का चूल्हा ना बुझे बच्चा भूखा नहीं रखे। 33 लाख.लोगों को पानी का कनेक्शन दिए। पर कांग्रेस जनता की सम्पति मे डाका डालना चाहता है, चोरो की सम्पति जांच का विरोध और जनता की सम्पति का जांच करेंगे ये लोग। ये इसीलिए करना चाहते है तो कहेंगे की इससे ज्यादा नहीं रखा सकते है, आपकी सम्पति छीन कर कांग्रेस अपनी वोट बैंक को देने का प्लान बनाया है। जो वोट जिहाद करना चाहते है, कांग्रेस कहते है पहला हक मुसलमानो का है,पर मोदी कहता है की इसमें पहला हक आदिवासी,गरीब,दलित,माता बहनो का है। कांग्रेस की नजर दलितों पिछडो, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण मे डाका डालना चाहता है। देश मे सबसे ज्यादा आदिवासी, दलित के ज्यादा विधायक और एमपी बीजेपी के कांग्रेस को इसका गुस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी आप सबो को गारंटी है दुनिया की कोई ताकत हमारे संविधान को हाथ नहीं लगा सकती, बाबा साहब ने जो आरक्षण दिया उसे कोई हाथ नहीं लगा सकता ये मोदी की गारंटी है। मैं कांग्रेस को तीन चुनौती देता हू कांग्रेस लिख कर दे, की वे एससी, एसटी के आरक्षण को काट कर धर्म के आधार पर मुस्लिम को नहीं देंगे इसे लिख कर दे। मोदी आपके लिए लड़ना चाहता है,आप मोदी को आशीर्वाद दे।

ये लोग वोट बैंक के लिए कुछ भी कर रहे है, घुसपैठियों को जगह देकर आदिवासी की जमीन लूटना चाहते है, इससे आदिवासी की संख्या घट रही है, महिला सुरक्षित नहीं, बंगाल की तरह झारखण्ड को भी लूटना चाहते है। 13 मई को अपना वोट कमल पर दें, यह झारखण्ड का विकास और सुरक्षा की गारंटी है।

# गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती ने किया नामांकन दाखिल





खबर मन्त्र ब्यूरो

### सीएम चंपई सोरेन समेत वरिष्ठ नेता रहे मौजूद



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती में पूरे जोश-ओ-खरोस के साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर झामुमो के राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार, विधायक मंगल कालिंदी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य विशेष रूप से मौजूद थे। उनके अलावा झारखंड सरकार के मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बना गुप्ता एवं अन्य इंडिया घटक दल के नेता नामांकन सभा में मौजूद रहे। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मजबूत उलगुलाम किया गया है और इसका सकारात्मक असर लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं जिस तरह जमशेदपुर में गरीब-गुरबों के हितों को लेकर आवाज उठाता हूं और आंदोलन करता हूं उसी तरह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर महंती ग्रामीण क्षेत्र की गरीबों की आवाज जोरदार तरीके से उठते हैं और आंदोलन करते हैं। निश्चित रूप से उन्हें शहर से लेकर गांव तक का वोट मिलेगा और इंडिया गठबंधन यहां जीत का परचम लहराएगा। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ा जा रहा है, इसलिए इस चुनाव में भाजपा को और उसके सहयोगी दलों को बुरी तरह से हराना है और इंडिया गठबंधन को भारी मतों से जितना है।

# कद्दावर कुर्मी नेता परीक्षित महतो ने थामा भाजपा का दामन

### केंद्रीय मंत्री सह खूंटी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने सभा में दी पार्टी की सदस्यता

### जमशेदपुर के प्रत्याशी विद्युतवरण महतो भी रहे उपस्थित, भाजपाई गद्गद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**खरसावां/जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह विधायक प्रतिनिधि परीक्षित महतो ने आज अपने 400 समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। खरसावां विधानसभा क्षेत्र के नेगटासाई के आम बागान में आयोजित सभा में उन्होंने खूंटी के लोकसभा प्रत्याशी सह मंत्री अर्जुन मुंडा की सभा में आज उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सोय और जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव उपस्थित थे। बता दें कि महतो राजद के जिला अध्यक्ष के साथ 2009 के लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर से लोजपा के प्रत्याशी भी रह चुके हैं। श्री महतो के भाजपा के दामन थामने से इस क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिली है। बता दें कि परीक्षित महतो पिछले 20 सालों से इस क्षेत्र में सक्रिय राजनीति में हैं। वे वर्ष 2001 से 2009 तक राजद के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने 6 साल पूर्व झा मु मो का दामन थामा और इस क्षेत्र से विधायक दशरथ गागराई के प्रतिनिधि थे। उन्होंने भाजपा में जाने की मुख्य वजह इस क्षेत्र की उपेक्षा बताई। उन्होंने कहा कि 6 साल पूर्व किए गए कोई भी वादे पूरे नहीं किए गए। उन्होंने अर्जुन मुंडा के नेतृत्व पर अपना विश्वास जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का भविष्य बताया।

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :-
क्या करें –
- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :-
क्या करें :-
- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना :–** जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना :–** जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुंजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें :–** गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता :–** अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :-
- **दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।**

PRNO NO 324396 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

## स्पीड न्यूज

### बीएफटी कर्मियों से नहीं लिया जा रहा कार्य, बीडीओ को दिया आवेदन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में कार्यरत बीएफटी कर्मियों से कार्य नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध में बीएफटी प्रवील राम ने बालूमाथ बीडीओ को आवेदन देकर कहा है कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं में सहयोग हेतु उन लोगों की अनुबंध पर बहाली हुई थी। जिसमें कार्यों के ले-आउट, योजना के सही जगह का चयन, कार्य पूर्ण होने के बाद उसे बंद करने एवं योजना मापी में जेई का सहयोग करने सहित कई कार्य हमलोगों से लिया जाता रहा है। लेकिन जब से प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव पिछले वर्ष अक्टुबर माह से आये है तब से हमलोगों से कोई सहयोग नही लिया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड में चार बीएफटी कार्यरत हैं। जिसमे ललन कुमार रवि रजवार,मासियातू एवं बालू लीलावती कुमारी बसिया, मुरपा राजकुमार प्रसाद चेताग, धाधु, झाबर बालूमाथ प्रवील राम, शेरेगड़ा, भगिया, गणेशपुर, मारंगलोइया पंचायत में काम करना है। लेकिन हम लोगों से काम नहीं लिए जाने के कारण विकास कार्य की गति धीमी हो गयी है।

### अग्रवाल कोचिंग सेंटर ने बेहतर परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



सम्मानित करते शिक्षक।

**चंदवा।** अग्रवाल कोचिंग सेंटर चंदवा के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर इंटर की परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्थान के द्वारा कला संकाय में प्रखंड के तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली रौशन परवीन को सम्मानित किया गया। संचालक मनीष कुमार अग्रवाल ने चंदवा के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नही है, जरूरत है उचित मार्गदर्शन की। अगर बच्चो को सही दिशा दी जाए तो क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। सम्मान समारोह के मौके पर दर्शनों की संख्या में विद्यार्थियों समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### माकपा ने सीपीआई नेता अतुल अंजान के निधन पर जताया शोक

**चंदवा।** सीपीआई (एम) के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, अंचल सचिव बैजनाथ ढाकुर ने भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आज सुबह लगभग 4 बजे उनका निधन लखनऊ में हो गया, वे 70 वर्ष के थे और कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। अतुल कुमार अंजान छात्र जीवन से ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए थे। वे छात्र जीवन में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष थे.छात्र राजनीति के बाद वे अखिल भारतीय किसान सभा में काम करते हुए किसानों के लोकप्रिय संगठनकर्ता के रुप में विख्यात हुए उनके निधन से देश के किसान और कम्युनिस्ट आंदोलन को भारी क्षति हुई है। वे एक ओजस्वी वक्ता भी थे, सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव के रूप में वाम आंदोलन को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। माकपा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के झारखंड राज्य परिषद और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट करता है।

### चंदवा की पहली बालिका क्रिकेटर प्रेरणा, लोहरदगा जिले अंडर-15 टीम में चयनित



बालिका क्रिकेटर प्रेरणा।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में युवाओं के बीच क्रिकेट के प्रति रुझान बढ़ने लगा है। चंदवा के इतिहास में पहली बार एक बालिका क्रिकेटर प्रेरणा मेहता उभर कर सामने आई है। वर्तमान में प्रेरणा मेहता लोहरदगा जिला अंडर 15 बालिका टीम की हिस्सा है व बोकारो में चल रहे अंडर-15 टी-20 प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखा रही है। लोहरदगा जिला टीम में चयनित होने पर राज क्रिकेट एकेडमी के राजा तिवारी समेत खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बता दें की विगत वर्ष ही लातेहार पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के युवाओं के बीच छिपी प्रतिभा निखारने को लेकर क्रिकेट किट प्रदान किया गया था। जिसके बाद से खिलाड़ी लगातार उभर कर सामने आ रहे हैं।

### पलामू में आहूत पीएम के कार्यक्रम के निमित्त एनएच पर बने गड्ढे को भरकर की गई खानापूर्ति

**चंदवा।** एनएच-75 अब 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग का अंतर्गत चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप एनएच पर बने बड़े-बड़े गढ़ों को भरकर खाना पूर्ति करने का काम शुक्रवार को कर दिया गया। बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव में जन सम्पर्क को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू में दौरा आने वाले हैं, जहां पलामू मे एक विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। उसी कार्यक्रम के मद्देनजर पूरा प्रशासनिक महकमा तैयारी में पूरी तरह से जुट गयी है। इसी तैयारी के दौरान रांची- मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पथ निर्माण विभाग के डाक बंगाल के सामने सड़क पर पूरा बरसात सड़क पर गढ़ा बना रहा और उसमें पानी भरा रहा। सड़क की दुर्दशा के कारण कई दुर्घटना होती रही हैं लेकिन उस समय जिला प्रशासन कुंभकर्ण की निद्रा मे सोती रही। इस सड़क की दुर्दशा की वजह से चंदवा प्रखंड का धरोहर अशोक स्तंभ भी टूट गया। उस पर भी कोइ प्रशासनिक अधिकारियों ने ठोस पहल नहीं की और थूक पोलिस पूरी तरह से शुरू हो गया। ये भी सच है की सड़क चार दिन भी नहीं चलेगी बाद स्थिति यथावत रहेगी।

### शादी का झासा देकर यौन शोषण करने को लेकर मामला दर्ज

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू गांव के एक विधवा महिला ने शादी के झांसा देकर यौन शोषण करने और पैसे हड़पने को लेकर बारियातू थाना मे मामला दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने बताया की मनातू ग्राम के सुधीर कुमार साव पिता अर्जुन साव ने शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ यौन शोषण किया है। साथ ही हमसे पैसा लेकर हड़प लिया है। वहीं सुधीर कुमार साव, रुपेश साव दोनों के पिता अर्जुन साव, अर्जुन साव पिता मुनु साव, शांति देवी पति अर्जुन साव पर थाने में मामला दर्ज करवाया है। सभी के ग्राम मनातू थाना बारियातू जिला लातेहार है। बारियातू थाना कांड सं.37/24 दिनांक 02.05.24 धारा -376(2)(एन) 406/420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

## उपायुक्त ने 'मैं भी इलेक्शन अम्बेस्डर' कार्यक्रम के संबंध में बैठक कर दी विस्तृत जानकारी

# सात मई से चलाया जायेगा सोशल मीडिया कैंपेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा मैं भी इलेक्शन अम्बेस्डर कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु 07 मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी शोशल मीडिया हेंडल पर मैं भी इलेक्शन अम्बेस्डर सोशल मीडिया कंपेन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसी के निमित्त मैं भी इलेक्शन अम्बेस्डर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के



बैठक करते डीसी व अन्य।

साथ साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय, ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, बैग का गठन, वीएएफ बैठक की वीडियो, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी स्टेक होल्डर्स (चैंबर ऑफ कॉमर्स, जेएसएलपीएस, एनयूएलएम के अलावा जिले के सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन का वोट अपील आदि को रिकॉर्ड कर उसका सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। इसके साथ ही कुछ विद्यालयों को डेमोक्रेसी रूम तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 07 मई 2024 को शाम 06 बजे 08 बजे तक #इसीआई द्वारा मैं भी इलेक्शन अम्बेस्डर कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जायेगा। सोशल मीडिया कैंपेन को सफल बनाने के लिए सभी की भूमिका अहम है, सभी के सहयोग और समन्वय से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा। इसके अलावे बैठक में उपस्थित सभी को मतदाता शपथ ग्रहण कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, श्रम अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, स्टेक होल्डर्स, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

## मनिका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर जब्त वाहन से चक्का चोरी करने वाले चोर को पड़कर भेजा जेल

- गिरफ्तार चोर दैनिक अखबार का था तथाकथित पत्रकार
- साफ-सफाई करवाने का सौंपा गया था काम लेकिन वाहन का चक्का ही करवा दिया गायब

**अपराध को बढ़ावा देने व अपराध करने वालों के खिलाफ मनिका पुलिस सख्त**



चक्का चोरी किया गया वाहन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप स्थित पूर्व में सीआरपीएफ कैंप व वर्तमान में मनिका थाना के मालखाना से मनिका पुलिस के द्वारा जब्त किए गए वाहन से चक्का एवं अन्य सामग्री चोरी करने के मामले में एक दैनिक अखबार के तथाकथित पत्रकार अशोक यादव पिता रामवृक्ष यादव ग्राम मनिका टोला भदईबथान निवासी को मनिका पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पत्रकार अशोक यादव को माल खाना की साफ-सफाई करवाने का काम सौंपा गया था जिसका फायदा उठाकर पत्रकारिता के आड़ में अशोक यादव वाहनों के चक्का समेत अन्य सामग्री चोरी करवा रहा था। जिसकी जानकारी मालखाना में कार्यरत मनिका थाना के पुलिसकर्मी के द्वारा थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा को दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई। थाना प्रभारी जब मलखाना पहुंचे तो वहां पर कंटेनर वाहन का चक्का गायब था। इस विषय में थाना प्रभारी के द्वारा मालखाना में साफ-सफाई का काम कर रहे मजदूरों से जब पूछा गया तो मजदूरों ने बताया कि अशोक यादव के द्वारा कंटेनर वाहन की चक्का का चोरी करवाई गई है जिसके बाद मनिका पुलिस हरकत में आई और छापामारी अभियान चलाकर अशोक यादव को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि अपराध को बढ़ावा देने वाले या अपराध करने वाले कोई भी व्यक्ति हो मनिका पुलिस आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करेगी ऐसे लोगों को किसी भी सूरत पर बक्सा नहीं जाएगा। इन्हें चिन्हित कर इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह की अपराध,घटना व दुर्घटना के बारे में जानकारी होने पर तुरंत थाना को सूचित करें मनिका पुलिस लोगों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है।

### अभाविप ने बरवाडीह के विभिन्न गांवों के चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत करें मतदान: सागर वर्मा



जागरूकता अभियान चलाते अभाविप कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के बैनर तले प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सागर कुमार वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को अभाविप कार्यकताओं के द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत खुरा, छिपादोहर, हरातू, कुचिला और बरवाडीह पंचायत के विभिन्न गाँव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश उरांव ने मतदाताओं को भारत के उत्थान के लिए मतदान का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए सपना योगदान करें और शत प्रतिशत मतदान करें। वहीं मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने, पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए, भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में विकसित करने के लिए, आतंकवाद माओवाद व नक्सलवाद को खत्म करने के लिए, देश को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए, शैक्षणिक कार्यों के लिए, समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े सभी परिवारों के लिए, देश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने मत का उपयोग कर भारत में मजबूत और राष्ट्रवादी सोच की सरकार बनाएं। कार्यक्रम में पूर्णकालिक अतुल कुमार सिंह, नगर सह मंत्री रंजित राम, धनंजय कुमार गणेश कुमार, सुनिता देवी सहित कई मतदाता और अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

### साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन



समस्या सुनती डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से विद्यालय में नामांकन, नियोजन, जमीन रशीद, चापानल अधिग्रहण आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रत्याशी पहुंचे हेरहंज कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** चतरा जिले की सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरवे ग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 मई को होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर गुरुवार की देर शाम भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह हेरहंज प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात लातेहार जिला भाजपा अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की



बैठक करते कार्यकर्ता।

और जनसंपर्क अभियान जोरो पर चलने का अपील किया। साथ ही साथ चुनावी कार्यालय खोलने को लेकर स्थल चयन किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को कहा गया कि आगामी 12 मई को चतरा जिला के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरवे गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम होना तय है। जिसमें क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग ले और उनके संबोधन को सुनने का आह्वान किया और साथ ही साथ कार्यकर्ताओं को आने-जाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, मंत्री संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष मनिष जायसवाल, उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, कन्हैया प्रसाद, पिंटू यादव, जितेश यादव, राजदेव यादव, रोसन ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अवधेश यादव, रंजन प्रसाद, लालन यादव समेत दर्जनों भाजपा नेता लोग मौजूद रहे।

## बालूभांग के श्रीसमाध बेलवाटिकर से 5 क्विंटल 21 किलो अफीम का डोडा बरामद

# अनुमानित कीमत 81 लाख से भी अधिक, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत श्रीसमाद के बेलवाटिकर निवासी भगत गंझु के घर छपामारी कर 81 लाख से भी अधिक मूल्य का अफीम का डोडा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार करने मे पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है.लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थाना क्षेत्र के कुछ गांवों में नशीली पदार्थो का कारोबार करने वाले तस्कर सक्रिय हो रहे हैं। बारियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव निवासी भगत गंझू के घर में तस्करों द्वारा आसपास से अफीम डोडा खरीदकर एकत्रित किया जा रहा है। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व में बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी की गई। पुलिस की टीम ने जब भगत गंझू के घर छापेमारी की तो वहां से 521 किलो अफीम डोडा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा बरामद की गई डोडा की बाजार में लगभग 81 लाख रुपये से भी अधिक का है। अफीम के डोडा



जानकारी देती पुलिस।

बरामद करने के दौरान तस्कर भगत गंझू को भी गिरफ्तार करने मे बड़ी सफलता हासिल की है। बारियातू थाना मे प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया की बारियातू थाना कांड संख्या 36/24 दिनांक 02/05/2024 धारा 15 (सी) 18( बी )/ 22(सी)/ 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया। साथ ही घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 02/05/2024समय 12:36 बजे गुप्त सुचना मिली की श्रीसमाध गांव के बेलवाटीकर का रहने वाला भगत गंझु और बाघमारी गांव का महेन्द्र गंझु पिता स्व. गुजर गंझु दोनों आसपास के गावं सें कम दाम पर अफीम डोडा खरीदकर इकट्ठा करके शिबला के रहने वाला अफीम तस्कर जिसका पुकारू नाम गोल्डन पिता मो सुलेमान मियां है। गोल्डेन अफीम डोडा बेचने का अवैध धंधा करता है। गोनिया चोरबोरा के निवासी गणेश गंझु को गोल्डन पिक-अप गाड़ी के साथ भगत गंझु और महेन्द्र गंझु के बताए जगह पर भेजता हैं। यदि तुरंत भगत गंझु की घर मे छापमारी किया जाय तो उसके घर सें भारी मात्रा मे अवैध डोडा की बरामदगी होगी। इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी राजा दिलावर, सअनि छोटु पंडा शस्त्र बल शामिल थे। छापेमारी दल के द्वारा भगत गंझू पिता कुंवर गंझु ग्राम श्रीसमाध टोला बेलवाटीकर थाना बारियातू जिला लातेहार के विधिवत तलाशी करने पर तलाशी करने पर भगत गंझू के घर के अंदर से कुल 18 बोरे मे कुल 541किलो 20 ग्राम (पांच सौ इकतालिस किलोग्राम बीस ग्राम) किलोग्राम अफीम डोडा बरामद हुआ. जिसे जप्ति सूची बनाकर जप्त किया गया तथा अभियुक्त भगत गंझु पिता कुंवर गंझू ग्राम श्रीसमाध टोला बेलवाटीकर थाना बारियातू जिला लातेहार को बिधिवत गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध मे अभियुक्त भगत गँझू पिता कुंवर गंझु ग्राम श्रीसमाध टोला बेलवाटीकर टोला, महेन्द्र गंझु पे. स्व. गुजर गंझु ग्राम बघमरी, गोल्डन पिता सुलेमान ग्राम शिबला, गणेश गंझु ग्राम गोनिया चोरबोरा सभी थाना बारियातु जिला लातेहार के विरुद्ध बारियातु थाना कांड संख्या 36/24 दिनांक 02/05/2024 धारा 15 (सी ) 18(बी)/ 22(सी)/ 25 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया हैं। छापमरी दल मे आ0 शंकर तियु, त्रिपुरारी सिंह, मिर्जा मोआजा बेग, शशिभूषण कुमार सिंह, काजल चौधरी, हवलदार सुदेश्वर कुमार पासवान, चा0आ0 लाडले हसन मौजूद थे।

## सिंदरी के दो व्यवसायियों के निधन से पूरा बाजार हुआ शोकाकुल





खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी के शहरपुरा बाजार के दो व्यवसायियों के निधन से पूरा बाजार शोकाकुल हो गया। बाजार के पुराने व्यवसायी इंद्र नारायण मेहरोत्रा और टू व्हीलर मैकेनिक नकुल रजक के निधन की खबर से सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू सहित व्यवसायियों ने शोक व्यक्त किया।

इंद्र नारायण मेहरोत्रा का 85 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से वाराणसी में निधन हुआ। वह 1965 से मेहरोत्रा एंड कंपनी के संचालक थे। अभी उनके छोटे भाई राम नारायण मेहरोत्रा शॉप नंबर 5 में व्यापार कर रहे हैं। वहीं को-आपरेटिव मोड़ के टू व्हीलर मैकेनिक मृदुल भाषी 60 वर्षीय नकुल रजक का निधन भी दिल का दौरा पड़ने से सिंदरी रांगामाटी स्थित उनके आवास पर हो गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह नहाने के क्रम में वह चक्कर खाकर गिर गए। आनन फानन में चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शोकाकुल व्यवसायियों में सिंदरी चेंबर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, सचिव संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, राकेश सोनी, बीनू केजरीवाल, दीपक दे, कृष्ण कुमार अग्रवाल, सुमित सिंह, बासुकीनाथ सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, उमाकांत, राजू अग्रवाल, बबलू, ऋषि शर्मा, एनाम खान, दीनानाथ मल्लिक, शमीम खान, रामप्रवेश, लाल बहादुर प्रसाद, पवन शर्मा, मंटू, मनोज, विनोद, रुस्तम, मिलन मंडल, मनोज मंडल, सुबीर कुमार दान, पप्पू आदि शामिल हैं।

# बंगाल को लूटने वालों को नहीं छोड़ूंगा

## शिक्षक भर्ती घोटाले से तृणमूल नेताओं का असली चरित्र सामने आया : मोदी

एजेंसी

▶▶ 25 हजार से अधिक शिक्षकों को अदालत ने किया बर्खास्त
▶▶ बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रही है ममता सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम में प्रधानमंत्री एवं भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपनी तीसरी और आखिरी जनसभा को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जिन्होंने बंगाल को लूटा है उन्हें छोड़ेंगे नहीं। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले से तृणमूल नेताओं का असली चरित्र सामने आया है। उन्होंने गारंटी देते हुए कहा कि मैं बंगाल के लोगों को लूटने वालों को नहीं छोड़ूंगा। जिले के बोलपुर में मोदी ने कहा कि बीते 10 साल मोदी ने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन-रात मेहनत की। मैंने अपने समय का पल-पल आपकी, देश की सेवा में पूरे कर्तव्य भाव से, पूरी नम्रता से समर्पित किया है इसलिए आज देश ने वो उपलब्धियां भी हासिल की हैं जो कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर पाई। मोदी ने कहा कि तृणमूल शिक्षक भर्ती घोटाला करके आपके बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रही है। 25 हजार से अधिक शिक्षकों को अदालत ने बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने नौकरी के योग्य उम्मीदवारों की मदद का आश्वास देते हुए कहा कि मैंने भाजपा बंगाल से अनुरोध किया है कि जो युवा इस घोटाले का शिकार हुए हैं, उनकी सहायता के लिए एक कानूनी सेल और एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्थापित करें। मैं बंगाल के युवाओं को आश्वासन देता हूं कि जिन लोगों ने आपको परेशान किया है, उन्हें दंडित किया जाएगा। मोदी ने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस केवल अपने वोट बैंक के बारे में चिंतित हैं, इसलिए वे सीएए के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं, जिसका उद्देश्य विभाजन के दौरान पड़ोसी देश में बचे लोगों की सहायता करना है। तृणमूल और कांग्रेस को आपके भविष्य की चिंता नहीं है; उन्हें केवल अपने वोट बैंक की परवाह है। वे नहीं चाहते कि हम उन समुदायों को न्याय प्रदान करें जो विभाजन के बाद अपना देश छोड़कर भागने को मजबूर हुए।



### संविधान में संशोधन की साजिश रच रहा है इंडिया गठबंधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन पर संविधान में संशोधन करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और विपक्ष को चुनौती दी कि वह लिखित में यह सुनिश्चित करने के लिए सामने आए कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण कम नहीं होगा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी) का आरक्षण समाप्त नहीं होगा और संविधान में बदलाव नहीं होगा। मोदी ने कहा कि संविधान भारत में धर्म आधारित आरक्षण पर रोक लगाता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने भी इसका समर्थन किया था।

श्री मोदी ने हालाँकि एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों को आरक्षण का अधिकार प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन करने के प्रयास के लिए कांग्रेस की आलोचना की, इस कदम पर कर्नाटक में विरोध का सामना करना पड़ा।

## उद्धव ठाकरे में अब सावरकर का नाम लेने की हिम्मत नहीं: शाह


**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रत्नागिरी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नकली शिवसेना चला रहे उद्धव ठाकरे में अब वीर सावरकर का नाम लेने की हिम्मत नहीं रह गई है। उद्धव ठाकरे स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के असली वारिस नहीं हैं। बालासाहेब के असली वारिस तो नारायण राणे, एकनाथ शिंदे और राज ठाकरे हैं और यही लोग बालासाहेब के विचारों को आगे ले जा रहे हैं। शाह ने कहा कि यहीं से शिवाजी महाराज हिंदू राष्ट्र स्थापित किया। तिलक का जन्म भी यहीं हुआ था, तिलक ने कहा था कि स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध



अधिकार है, उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी थी। सावरकर ने यहां क्रांतिकारी कार्य किये। मैं आज प्रचार करने आया हूं। फर्जी सेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से सवाल पूछ रहा हूं। क्या उद्धव ठाकरे अपने भाषण में सावरकर का नाम लेने की हिम्मत कर सकते हैं? अगर उनमें हिम्मत नहीं है तो वे नकली शिव सेना चला रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### फिल्म सिंघम अगेन में नज़र आयेंगी दीपिका



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण फिल्म सिंघम अगेन में एक महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। कुछ दिनों पहले उन्हें सिंघम के सेट पर एक पुलिस अधिकारी के रूप में शूटिंग करते हुए देखा गया था। इन तस्वीरों में दीपिका का बेबी बंप भी नजर आया। अब जूनियर आर्टिस्ट के साथ दीपिका की फोटो वायरल हो रही है।

### पाकिस्तान में बस पलटी, 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को प्राइवेट बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में सुबह साढ़े पांच हुआ।

### बलूचिस्तान में धमाका तीन मरे, आठ घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में शुक्रवार को एक विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि खुजदार जिले के चामरुक क्षेत्र में एक पत्रकार के वाहन को एक विस्फोटक डिवाइस से निशाना बनाया गया।

### म्यांमार में गर्मी से 50 से अधिक लोग मरे

**यांगून।** मध्य म्यांमार के मांडले में अप्रैल में भीषण गर्मी के कारण 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। मणि साला बचाव संगठन के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में से लगभग 30 को पहले से ही गंभीर बीमारियां थीं।

## चौथे चरण में 10 राज्यों के 96 सीटों पर 1717 प्रत्याशी भाग्य अजमायेंगे

एजेंसी

### बिहार की पांच और झारखंड की चार सीटों पर 13 मई को मतदान


**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे।

नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए। तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। तेलंगाना में सभी 17 संसदीय सीटों के लिए सबसे अधिक 1488 नामांकन पत्र भरे गए। इसके बाद आंध्र प्रदेश में सभी 25 संसदीय क्षेत्रों से 1103 नामांकन फॉर्म भरे गए। तेलंगाना के संसदीय क्षेत्र 7-मलकजगिरि में सबसे अधिक 177 नामांकन पत्र दायर किये गये।

बिहार के बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा। झारखंड के खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में 13 मई को मतदान होगा।

## भाकपा नेता अतुल अंजान का निधन



**नयी दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के नेता एवं राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान का लम्बी बीमारी के बाद शुक्रवार को लखनऊ में निधन हो गया। उनकी आयु 70 वर्ष थी। उनकी बहन रतना सिंह के अनुसार वे कैंसर से पीड़ित थे और लखनऊ के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। अंजान ने अपने छात्र जीवन से राजनीति में कदम रख दिया था। उनके निधन पर विभिन्न पार्टियों और नेताओं के शोक संदेश प्राप्त हो रहे हैं। पार्टी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विचारधारा का सच्चा सिपाही बताया है। कामगार लोगों के साथ उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए महासचिव डी राजा ने व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र किया है।

## राहुल गांधी ने रायबरेली से भरा पर्चा

### कहा- मां ने अपनी कर्मभूमि की सेवा का दिया मौका

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आखिरकार यूपी में लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के बाद राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रायबरेली से नामांकन को लेकर अपने दिल की बात रखी। राहुल ने इस दौरान सोनिया गांधी के भरोसे के उन पर भरोसे और रायबरेली को कर्मभूमि के रूप में जिक्र किया। राहुल ने इस दौरान एक बार फिर संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई का जिक्र किया। राहुल के नामांकन के बाद बहन प्रियंका गांधी ने भी रायबरेली से गांधी परिवार के आधी सदी के सफर का जिक्र किया। राहुल ने ट्वीट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है। ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया। जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। उन्होंने कहा कि हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। पारिवारिक रिश्ते की बड़ी सुंदरता ये होती है कि आप चाहकर भी कभी उसके स्नेह का कर्ज नहीं उतार पाते।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में 205 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** इडी ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई और अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ के अधिक की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईडी रायपुर ने छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की चल रही जांच में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर सहित अन्य की 205.49 करोड़ रुपये मूल्य की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जब्त की गई संपत्तियों में अनिल टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल की 1.54 करोड़ की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ की 33 संपत्तियां शामिल हैं।




झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
-:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➤ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➤ कलगी फूल जाना।<br>➤ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➤ नाक से पानी आना।<br>➤ पतला दस्त होना।<br>➤ सांस लेने में तकलीफ होना।<br>➤ चलने में लड़खड़ाना | ➤ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➤ आस-पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➤ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➤ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराएं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PRNO NO 324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25